प्रकाशन का सफलतम 18 वां वर्ष

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची ➤दिल्ली➤देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

**सुविचार**

अपनी उर्जा को चिंता करने में खत्म करने से बेहतर है, इसका उपयोग समाधान ढूंढने में किया जाए।





| वर्ष - 18 | अंक 38 | दैनिक | रांची | शुक्रवार 20 सितंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00 |
|---|---|---|---|---|---|---|

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती पर

# श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

## भारत की माननीय राष्ट्रपति

# का हार्दिक अभिनंदन और जोहार

## 20 सितम्बर, 2024



**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
माननीय राष्ट्रपति



**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**श्री संतोष कुमार गंगवार**
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार PR - 336217 ( IPRD ) 2024-25

## अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनु प्रिया ने 65 केवी ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन,लोगों में हर्ष का माहौल



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता,कटकमदाग।** प्रखंड के डामोडीह ग्राम के ग्रामवासी के जो बीते कई दिनों से अंधेरे में अपना जीवन यापन करने को मजबूर थे।ग्रामवासी ट्रांसफार्मर के लिए कई अधिकारियों और नेताओं से मुलाकात कर चुके थे लेकिन किसी ने भी उनकी सुध नहीं ली। जैसे ही उक्त समस्या अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया के संज्ञान में आया तो उन्होंने अपने स्तर से 65 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।

ट्रांसफार्मर के भव्य उद्घाटन समारोह में अनुप्रिया ने कहा कि लोगों लोगों को उनकी समस्याओं के बीच छोड़ देना मेरी फितरत नहीं,मैं बदलाव के लिए आई हूं और बदलाव करके ही मानूंगी।मुझे पूर्ण विश्वास है कि नेक इरादे के साथ काम करूंगी तो सबका भला जरूर होगा। इस ट्रांसफार्मर के माध्यम से सैकड़ो बच्चों का शैक्षणिक भविष्य को अंधकारमय होने से बचा पाना मेरे लिए सौभाग्य के बात है। बरसात के मौसम में तो सांपों और बिच्छुओं का भी बोलबाला रहता है जिसे एहतियात बरतने के लिए हर घर बिजली होना अति आवश्यक है।

हमारी अनुप्रिया फाउंडेशन की टीम पूरी कोशिश कर रही है कि हजारीबाग के हजारों सपनों को हकीकत में बदला जाए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलदार अंसारी, बिक्रम कुमार सोनी, पंचम कुमार पासवान, प्रवीण पांडेय, आशीष श्रीवास्तव, मुकेश साव, मंजीत साव, अभिषेक,विजय कुमार, मो. अरशद, मो. मुस्ताक, मो. दिलशाद, नेहा देवी, मुस्तरी खातून, बेबी खातून, आदि सैकड़ो लोग शामिल थे।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का नया पेंशन प्लान लॉन्च

ICICI PRUDENTIAL
LIFE INSURANCE

**रांची।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने हाल ही में आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन नामक एक नया पेंशन प्लान लॉन्च किया है, जो पॉलिसी होल्डर्स को रिटायरमेंट के लिए एक बेहतरीन फंड बनाने में मदद करता है। पेंशन प्लान के साथ ही कंपनी ने दो नए फंड्स ङ्क पेंशन इंडिया ग्रोथ और पेंशन बैलेंस्ड फंड भी लॉन्च किए हैं, जिससे ग्राहकों के फंड को और बेहतर तरीके से मैनेज करने में मदद मिल सकेगी।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पाल्टा ने लॉन्च के बारे में बात करते हुए कहा, हमें खुशी है कि हम आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन जैसा मार्केट लिंक्ड पेंशन प्रोडक्ट लेकर आए हैं। यह प्रोडक्ट हमारे ग्राहकों को उनका रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करेगा, जिससे वे आर्थिक रूप से सुरक्षित रहेंगे और साथ ही भारत के विकास में भी अपना योगदान दे सकेंगे। इस पेंशन प्लान की खासियत यह है कि आप रिटायरमेंट के बाद 60त्न तक का फंड बिना किसी टैक्स के निकाल सकते हैं। साथ ही, अगर कभी कोई इमरजेंसी आती है, तो पॉलिसी होल्डर्स आंशिक निकासी भी कर सकते हैं।

## सैमसंग टीवी प्लस ने चैनल लाइनअप का किया विस्तार

**रांची।** सैमसंग टीवी प्लस, जो भारत में सैमसंग का फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी सर्विस है, ने इंडिया टीवी ग्रुप के साथ मिलकर चार नए चैनल लॉन्च किए हैं। इस साझेदारी के तहत, इंडिया टीवी ग्रुप के खास सीटीवी चैनल्स - इंडिया टीवी, इंडिया टीवी स्पीड न्यूज, इंडिया टीवी आप की अदालत, और इंडिया टीवी योगा अब सैमसंग टीवी प्लस पर उपलब्ध होंगे। अब दर्शक आसानी से न्यूज़, करंट अफेयर्स, फिटनेस और मनोरंजन के बेहतरीन कार्यक्रम देख सकते हैं। सैमसंग टीवी प्लस एक फ्री स्ट्रीमिंग सर्विस है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी पर पहले से इंस्टॉल होती है। यह सर्विस न्यूज़, खेल, मनोरंजन समेत कई प्रकार के 100 से अधिक लाइव चैनल्स और हजारों फिल्में और शोज़ ऑन-डिमांड उपलब्ध कराती है। सैमसंग टीवी प्लस के हेड ऑफ पार्टनरशिप्स, कुणाल मेहता ने कहा, सैमसंग टीवी प्लस हमेशा अपने दर्शकों तक फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी के जरिए बेहतरीन कंटेंट पहुंचाने में सबसे आगे रहा है। हम अपने उपभोक्ताओं को ऐसा कंटेंट देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो उनके लिए दिलचस्प और उपयोगी हो।

## जल सहिया संघ ने विधायक अंबा प्रसाद का जताया आभार



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,बड़कागांव(हजारीबाग)।** बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद का जलसहिया संघ ने आभार व्यक्त किया। बृहस्पतिवार को पूरे जिले भर के विभिन्न प्रखंडों से आए जलसहिया दीदियों ने विधायक अंबा प्रसाद के हजारीबाग स्थित आवास पहुंचकर गुलदस्ता भेंट करके व रंग अबीर लगाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान जल सहियाओ ने विधायक अंबा प्रसाद को फूल माला से लाद दिया । अंबा प्रसाद जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। विधायक अंबा प्रसाद ने सभी को मिठाई खिलाकर अभिवादन स्वीकार किया विधायक ने कहा कि यह जीत आप लोगों के कठिन परिश्रम की जीत है मैं सिर्फ एक माध्यम थी। उन्होंने कहा कि जल सहिया संघ के और भी अधिकार दिलवाने का कार्य करूंगी, उनकी चिर प्रतिक्षित मांगों को पूरा करने के लिए सरकार सदैव उनके साथ खड़ी है।

वहीं इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर मन मोह लिया। अंबा प्रसाद ने सभी को गले लगा कर एवं रंग आबीर लगाकर खुशियां दुगुना कर दी।

जिला अध्यक्ष सपना शर्मा ने बताया कि जल सहिया संघ अपने विभिन्न मांगों को लेकर कई दिन से प्रयासरत थी विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा उनकी मांगों को पूरा करने में भरपूर सहयोग मिला। कई बार उन्होंने इस मामले को विधानसभा में उठाया मुख्यमंत्री से लेकर विभागीय मंत्री तक कई बार बैठके करवाने का कार्य किया। अंततः पिछले कैबिनेट की बैठक में हमारा मानदेय 1000 से बढ़कर 2000 किया गया जिसके लिए हम सभी विधायक अंबा प्रसाद व राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हैं।मौके पर जिला अध्यक्ष सपना शर्मा, जयंती कुमारी, लक्ष्मी पांडे, उर्मिला देवी,मंजू देवी, निशांत जहां, नमिता कुमारी, ममता कुमारी, अर्चना रंजन, कविता देवी, पुष्पा देवी, नीलम देवी,उषा रानी, पूनम देवी सहित सैकड़ो लोग मौजूदथे।

# आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में स्वच्छता सेवा अभियान

### स्वच्छता सामाजिक जिम्मेदारी– देविका मंडल

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के सौजन्य व आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के होटल प्रबंधन विभाग के सहयोग से %स्वच्छता ही सेवा% अभियान 2024 के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता और समुदाय में स्वच्छता के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।




कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज चटर्जी द्वारा की गई, जिन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और यह बताया कि कैसे हम सभी अपने छोटे-छोटे प्रयासों से देश को स्वच्छ और स्वस्थ बना सकते हैं।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की प्रतिनिधि देविका मंडल ने कहा कि स्वच्छता केवल एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के समग्र विकास का आधार है। हम सभी को मिलकर एक साफ और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए।

इस मौके पर विभाग के सभी छात्रों, शिक्षक और कर्मचारियों ने मिलकर स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इसके बाद छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें परिसर की सफाई और स्वच्छता से संबंधित जागरूकता सत्र शामिल थे।

इसके उपरांत सुश्री मंडल ने पर्यटन मंत्रालय के ÷देखो अपना देश÷ कार्यक्रम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छात्रों को दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों को पहचानने और उनकी महत्ता को समझने के लिए आयोजित किया जाता है। छात्रों को इस पहल के तहत यात्रा करने और अपने देश की खूबसूरती का अनुभव करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस प्रकार आरकेडीएफ विश्वविद्यालय ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के माध्यम से एक साफ और हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एस चटर्जी और कुलसचिव डॉ. अमित कुमार पांडेय ने इस कार्यक्रम की सराहना की और इस तरह के प्रयासों को नियमित रूप से जारी रखने का आग्रह किया।

इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में अंकित प्रकाश, शमीक चटर्जी और आलोक कुमार, सहायक प्रोफेसर, होटल प्रबंधन विभाग का विशेष सहयोग रहा।

## आरडीसीआइएस में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन 14 से 30 सितंबर तक




**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता , रांची।** आरडीसीआईएस, रांची में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन गत 14 सितंबर से किया जा रहा है। यह 30 सितंबर तक चलेगा। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन संदीप कुमार कर, कार्यपालक निदेशक, आरडीसीआईएस, रांची द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आरडीसीआएस, रांची के सभी मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित हुए एवं हिन्दी राजभाषा के महत्व को दैनिक कार्यों में शामिल करने के लिए रुचि दिखाई।

कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन मे आरडीसीआईएस के रांची स्थित एवं प्लांट सेंटर के अधिकारी एवं कार्मिक ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए।

राजभाषा पखवाड़े के दौरान विभिन कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। जिसके लिए कार्यपालक निदेशक ने कार्मिकों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उक्त जानकारी आरडीसीआइएस ( सेल ) के कम्युनिकेशन हेड उज्ज्वल भास्कर ने दी।

**विश्वकर्मा पूजा जुलूस पर पथराव:**

# दर्जनों घायल, स्थिति तनावपूर्ण

### घटनास्थल पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**बड़कागांव।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य पंचायत के मुस्लिम मोहल्ला से ठाकुर मोहल्ला के विश्वकर्मा भगवान जुलूस के दौरान दो समुदाय आपस में भिड़े, मारपीट के साथ-साथ पथराव की हुई घटना में एक दर्जन से अधिक लोगों की घायल होने की खबर है। घटना के 12 घंटे के बाद पुनः पथराव से माहौल तनावपूर्ण लेकिन स्थिति में है। प्राप्त समाचार के अनुसार बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला से उठाए गए विश्वकर्मा भगवान जुलूस जैसे ही मुस्लिम मोहल्ला मदरसा के पास पहुंची की दोनों ओर से तना-तनी, गुत्थम-गुत्थी के बाद जमकर पथराव हुई। घटना बुधवार देर रात 10ः00 की बताई जा रही है। उक्त पथराव में दोनों ओर से लगभग एक दर्जन लोग घायल होने की खबर है। घटना की सूचना मिलते ही बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप



कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचकर मामले को शांत करते हुए नियंत्रण किया गया। ठाकुर मोहल्ला के लोगों का कहना है कि मंदिर प्रांगण से जुलूस शुरू होकर पूरे ठाकुर मोहल्ला होते हुए जैसे ही मदरसा के पास जुलूस पहुंचा कि दूसरे समुदाय के लोग जुलूस पर पथराव करने लगे जिससे मंहगू ठाकुर, सुभाष ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, गोविंद ठाकुर, अविनाश राणा, श्रवण ठाकुर, कुंदन ठाकुर, सहित कई लोग बुरी तरह घायल हो गए। यह घटना पूर्व नियोजित है। वहीं दूसरे समुदाय के लोगों का कहना है कि इस जुलूस के पूर्व 7ः30 बजे कुमार मोहल्ला का जुलूस शांतिपूर्ण रूप से पार हो गया लेकिन यह जुलूस जैसे ही मदरसा के पास पहुंचा कि आपत्तिजनक गाना सहित आपत्तिजनक शब्द का नारा लगाए जाने लगा। कुछ लोगों द्वारा मना किए जाने पर गुत्थम गुत्थी एवं मारपीट शुरू कर दी गई। आसपास रखें ईंट का प्रयोग करते हुए पथराव शुरू कर दिया गया। इसमें मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद तानों, मोहम्मद अरबाज, मोहम्मद क्यूम इराकी, मोहम्मद इनामुल सहित अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना पूर्व नियोजित है। ठाकुर मोहल्ला कभी भी विश्वकर्मा पूजा नहीं करते थे। मुस्लिम लोग ने आगे कहा कि वही जब आज करीम 10 बजे डेली मार्केट स्थित दुकान मोहम्मद कलीम खोलने गया तो उसके साथ भी जमकर मारपीट की गई एवं दुकान का सामान को भी तहस-नहस कर दिया गया साथ ही साथ पुनः मोहल्ले में आकर पथराव किया गया। इसके अलावा कब्रिस्तान का बाउंड्री वाल को भी तोड़ देने का आरोप लगाया गया है। दोनों ओर से स्थिति तनाव पूर्ण हो गई। मोहम्मद कलीम को प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर किए जाने की बात बताई गई है। घटना की सूचना पाकर हजारीबाग एसी संतोष कुमार सिंह, एसडीपीओ कुलदीप कुमार, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पुलिस बल तैनात की गई है। घटनास्थल पर आज सांसद मनीष जयसवाल पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए लोगों से शांति बनाए रखने का अपील की।

# सामुदायिक भवन, चास में प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**चास/बोकारो।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, के स्थानीय कार्यालय एमएसएमई विकास कार्यालय, रांची द्वारा गुरुवार को सामुदायिक भवन, स्वामी विवेकानंद रोड, चास, बोकारो में वित्तीय प्रबंधन (फाइनेंशियल मैनेजमेंट) पर आधारित प्रबंधन विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बोकारो जिले के स्थानीय उद्यमियों तथा भावी उद्यमियों को वित्तीय प्रबंधन के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण एवं जानकारी देना है। इस कार्यक्रम में 30 प्रतिभागियों को 23 सितम्बर तक विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

श्री गौरव, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय, रांची ने कार्यक्रम में स्वागत संबोधन एवं मंच संचालन किया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण के दौरान योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को किशोर रजक, जिला उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग विकास बोर्ड, बोकारो ने




झारखंड सरकार द्वारा उ?द्यमियों के विकास हेतु उपलब्ध योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। यूनियन बैंक, चास, बोकारो से आए विकास कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक तथा रवि रंजन ने प्रतिभागियों को एमएसएमई उद्यमियों के लिए उपलब्ध ऋण सुविधाओं एवं आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। राजेश कुमार महतो, ब्लॉक समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग विकास बोर्ड, बोकारो ने एक सफल उद्यमी बनने के लिए सभी प्रतिभागियों को स्वरोजगार की स्थापना हेतु प्रेरित किया तथा उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

गौरव, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय, रांची ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का उचित जवाब दिया, साथ ही उन्होंने भावी उ?द्यमियों को इस प्रशिक्षण से अधिक से अधिक लाभ लेने का आवाहन किया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को मन लगाकर वित्तीय प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया तथा अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एमएसएमई, विकास कार्यालय, रांची के यशमेंद्र कुमार ने सहयोग किया।

## माई भारत पोर्टल के नॉलेज इंस्टीट्यूशन्स में शीघ्र ऑनबोर्ड होगा रांची विश्वविद्यालय - डॉ.अजीत कुमार सिन्हा



पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में माई भारत पोर्टल के पंजीकरण को लेकर ऑनलाइन मीटिंग कुलपति सभागार में आयोजित की गई जिसमें पोर्टल के तकनीकी विशेषज्ञ क्रमशः देवेंद्र व्यास (सहायक निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन) एवं नीरज कुमार यादव ने अपना प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

तकनीकी विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे प्रत्येक नॉलेज इंस्टिट्यूशन को माई भारत पोर्टल में ऑनबोर्ड करना है इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर पर एक नोडल पदाधिकारी बनाना अनिवार्य है एवं विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी के माध्यम से प्रत्येक महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी के बीच समन्वय स्थापित करना होगा एवं प्रत्येक संस्थान को माई भारत पोर्टल से जोड़ना होगा। ज्ञात है कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माई भारत पोर्टल के माध्यम से देश के प्रत्येक युवा जिसका उम्र 15 से29 वर्ष को पंजीकृत करना है। ऑनलाइन मीटिंग में तकनीकी विशेषज्ञों ने बताया कि माई भारत पोर्टल युवाओं के लिए काफी फायदेमंद है एवं इस पोर्टल के माध्यम से जो युवा ऑनबोर्ड होगा उसे सी वी बिल्डर, वालंटियर फ़ॉर भारत, मेगा इवेंट्स एवं पब्लिक प्रोफाइल का लाभ मिलेगा।

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने मीटिंग में बताया कि रांची विश्वविद्यालय शीघ्र माई भारत पोर्टल में ऑनबोर्ड कर दिया जाएगा एवं रांची विश्वविद्यालय के लिए डॉ.ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के सभी संस्थान को भी जल्दी ही ऑनबोर्ड किया जाएगा। ऑनलाइन मीटिंग में नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राज्य निदेशक हनी सिन्हा, उप निदेशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह, आरयू के कुलसचिव डॉ.बिनोद नारायण, डीन विज्ञान डॉ.अरुण कुमार, डीआर डॉ. प्रीतम कुमार, डॉ. बी के सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ.ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ब्रजेश कुमार उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग और इन्फास्ट्रक्चर शो का शुभारंभ आज

### माइनिंग और इन्फास्ट्रक्चर उद्योग को मिलेगी नई दिशा

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो 2024 का शुभारंभ 20 सितंबर (शुक्रवार) को होगा। शो का उद्घाटन दोपहर तीन बजे मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री इरफान अंसारी, राज्यसभा सांसद डॉ.महुआ माजी मौजूद रहेंगी। इसके अलावा माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो में विशेष अतिथि के




रूप में सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, मेकॉन के सीएमडी संजय कुमार वर्मा और राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव भी उपस्थित रहेंगे। इस शो को आयोजन ओलपिंया एक्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में किया जा रहा है। ओलपिंया एक्जीबिशन के सीओ एसके त्रिपाठी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर लोकेश चौधरी और संयोजक सत्य प्रकाश पांडेय ने संयुक्त रूप से बताया कि इस शो में माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी 100 से अधिक सरकारी और निजी कंपनियां शामिल हो रही है।। इस शो में प्रवेश निःशुल्क है। शो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। आम जनता भी शो में शामिल हो सकते हैं।

तीन दिवसीय माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो में अत्याधुनिक उपकरण, आधुनिक खनन तकनीकें, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के समाधान और उद्योग को आगे बढ़ाने वाले नवाचार प्रदर्शित किए जाएंगे। आगंतुक भारी वाहन जैसे जेसीबी , निर्माण उपकरण और अत्याधुनिक खनन उपकरणों के लाइव डेमोंस्ट्रेशन देख सकेंगे। इसके अलावा कई ज्ञान-विनिमय सत्र, पैनल चर्चा, और व्यापार नेटवर्किंग के अवसर भी उपलब्ध होंगे

**ये कंपनियां हो रही शामिल–** इस शो में जेसीबी इंडिया, टीवीएस टायर्स, हीरालाल इंडस्ट्रीज टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, हुंडई कंस्ट्रक्शन इक्यूवमेंट, एजेक्स इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, वीनस टेक्नो इक्यूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड, टेकफैब (इंडिया) इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पीआरडी रिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, मैक्समैच इक्यूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड, प्रेमसंस मोटर उद्योग, शैल ल्यूब्रिकेंट समेत अन्य कंपनियां शामिल हो रही है। इसके अलावा सरकारी कंपनियों में मेकॉन लिमिटेड, कोल इंडिया, सीपीएमपीडीआई, भारत पेट्रोलियम समेत निर्माण कंपनियां, भारी वाहन निर्माता, खनन कंपनियां, उपकरण निर्माता, लुब्रिकेंट सप्लायर, और स्पेयर पार्ट्स निर्माता भी इस आयोजन का हिस्सा होंगे।

प्रकाशन का सफलतम 18 वां वर्ष

# पूर्वांचल सूर्य

आवाज आज की, नज़र कल पर

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

वर्ष - 18 | अंक 38 | दैनिक | रांची | शुक्रवार 20 सितंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

**सुविचार**

हमारे पास बचपन से ही दो रास्ते होते हैं या तो हम सही रास्ता चुन लें,नही तो कठिनाइयाँ हमारा रास्ता चुन लेंगी।




## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले केरल के सांसद व विधायक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से गुरुवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केरल के लोकसभा सांसद ई.टी मोहम्मद बसीर, राज्यसभा सांसद हारिस बीरन एवं विधायक मो. बसीर ने मुलाकत की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

## बार-बार फेल प्रोडक्ट फिर उतारने की हो रही कोशिश

- खरगे के पत्र पर नड्डा का जवाबी लेटर,रोचक हुई जंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तरफ से लिखे पत्र का भारतीय जनता पार्टी ने जवाब दिया है। भाजपा का कहना है कि खरगे की तरफ से लिखा गया पत्र असफल प्रोडक्ट को बाजार में फिर से उतारने का प्रयास है। दरअसल, मंगलवार को की कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक पत्र लिखा था, जिसमें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लेकर एनडीए नेताओं की तरफ से दिए गए



बयानों पर चिंता जाहिर की गई थी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने खरगे को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा, आदरणीय खरगे जी, आपने राजनीतिक मजबूरीवश जनता द्वारा बार-बार नकारे गए अपने फेल्ड प्रोडक्ट को एक बार फिर से पॉलिश कर बाजार में उतारने के प्रयास में जो पत्र देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को लिखा है, उस पत्र को पढ़कर मुझे लगा कि आपने द्वारा कही गई बाते यथार्थ और सत्य से कोसों दूर हैं।

## अब धरे रह जाएंगे जंगी हथियार मोबाइल डिवाइस से होगा 'खेला'

### सामने आए लड़ाई के नए औजार, इजरायली हमले से भारत को मिली सीख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक के बाद एक हमलों से इजरायल ने हिज्बुल्ला की आंखों में अपना खौफ भर दिया है। हिज्बुल्लाह की अकड़ तब और चकनाचूर हो गई जब इजरायल ने पहले पेजर और अब वॉकी-टॉकी के जरिए ईरानी संगठन को अपना निशाना बनाया है। हमास के नेता इस्माइल हानिये की हत्या के बाद हिज्बुल्ला ने भी इजरायल को करारा जवाब देने की कसम खाई थी। मगर इससे पहले हिज्बुल्ला कुछ करता, इजरायल ने हिज्बुल्ला के संचार नेटवर्क में सेंधमारी कर उसके हौसले को ध्वस्त कर दिया। इजरायल की इस



कार्रवाई के कई मायने उभर कर सामने आए हैं। यह ऑपरेशन इजरायली खुफिया एजेंसी के लिए महत्वपूर्ण था क्योंकि 7 अक्टूबर, 2023 के हमले के बाद इसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए थे। इस बार इजरायल ने न केवल अपनी खोई हुई साख को फिर से हासिल कर लिया है आतंकी संगठनों को भी बेइज्जत कर दिया।

### संचार उपकरण इस्तेमाल करने से पहले कई बार सोचेंगे आतंकी

इजरायल की आतंकवाद विरोधी कार्रवाई ने न केवल हिज्बुल्लाह के लड़ाकों को मानसिक रूप से तोड़ा है, बल्कि उनके आकाओं की भी मंशा को तार-तार किया है। अब आतंकवादी किसी भी संचार उपकरण का इस्तेमाल करने से पहले कई बार सोचेंगे, क्योंकि वह उपकरण उनके लिए मौत का कारण बन सकता है। अब ईरान से इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है। हालांकि, दोनों देश एक पूर्ण युद्ध की स्थिति में नहीं जा सकते। ईरान की प्रतिक्रिया मिसाइल हमलों और उसके प्रॉक्सी संगठनों जैसे हमास, हौथी, हिज्बुल्लाह और कातैब हिज्बुल्लाह के माध्यम से हो सकती है लेकिन यह छिपी हुई हो सकती है।

### बदल रहा जंग का तरीका

आधुनिक आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए इजरायल का यह कदम अन्य देशों के खुफिया एजेंसियों के लिए एक मिसाल बन सकता है। हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई से दुनिया को यह चेतावनी मिली है कि भविष्य के युद्ध पारंपरिक हथियारों से नहीं, बल्कि साइबर हमलों और संचार उपकरणों के माध्यम से लड़े जाएंगे। यह भी स्पष्ट हो चुका है कि इजरायल ने ईरानी समर्थित संगठनों के संचार नेटवर्क में सेंध लगा दी है, जिससे उनकी ताकत कमजोर हो गई है। भारत के लिए इजरायली मॉडल से सीख लेने की जरूरत है क्योंकि पिछले तीन दशकों से पाकिस्तान स्थित इस्लामिक आतंकवादियों के निशाने पर भारत रहा है। बड़ी संख्या में भारतीय लोग चीनी निर्मित मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं, जो पाकिस्तान का सहयोगी है। इजरायली अभियान ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए भी एक संदेश छोड़ा है कि उन्हें अपनी संचार व्यवस्था को सुरक्षित करना चाहिए, न कि पश्चिमी देशों में बने उपकरणों पर निर्भर रहना चाहिए।

## एनडीए के बिहारी साथियों को एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव स्वीकार

- चिराग पासवान,जीतन राम मांझी और नीतिश कुमार का मिल गया साथ

**पटना (एजेंसी)।** एक देश एक चुनाव पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। खास बात है कि केंद्र सरकार के इस फैसले का चुनाव बिहार में एनडीए यानी नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथी दलों ने भी किया है। कहा जा रहा है कि यह पहला मौका है जब बिहार के साथी दल और भारतीय जनता पार्टी के सुर किसी मुद्दे पर एक हुए हैं। दरअसल, इससे पहले जनता दल (यूनाइटेड) और लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) की लेटरल एंट्री और वक्फ बोर्ड बिल के मामले में राय अलग थी। वन



नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर जेडीयू, लोजपा (र) और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) कैबनेट के प्रस्ताव का समर्थन करते नजर आ रहे हैं। जेडीयू के सलाहकार केसी त्यागी ने बताया, बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने सालों पहले ही एक देश एक चुनाव को लेकर अपना समर्थन जाहिर कर दिया था। यह हमारे जैसे कम इलेक्शन फंड वाले छोटे दलों के लिए मददगार होगा। पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा जैसे हमारे वरिष्ठ नेताओं ने रामनाथ कोविंद कमेटी के सामने अपना मत रखा था। यह स्वागतयोग्य कदम है। जो लोग इसकी आलोचना कर रहे हैं, वह गलत हैं।

## बंगाल की खाड़ी में क्रैश हुआ अमेरिकी घातक ड्रोन

- नौसेना ने लीज पर लिया था,चीन तक करता था निगरानी

कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय नौसेना द्वारा अमेरिका से लीज पर लिया गया एमक्यू-9 बी ड्रोन बुधवार को बंगाल की खाड़ी में एक तकनीकी खराबी के कारण क्रैश हो गया। ये घातक ड्रोन चीन तक के इलाकों तक निगरानी करता था। नौसेना ने एक बयान में कहा कि यह घटना एक नियमित निगरानी मिशन के दौरान हुई, जिसमें ड्रोन को पानी में आपातकालीन लैंडिंग (डिचिंग) करनी पड़ी। ड्रोन को अब समुद्र से वापस नहीं लाया जा सकेगा। इसे



अनुपयोगी घोषित कर दिया गया है। एमक्यू-9बी अमेरिका की जनरल एटॉमिक्स द्वारा निर्मित प्रीडेटर बी का एक संस्करण है, और भारतीय नौसेना ने चार साल पहले इसे लीज पर लिया था ताकि हिंद महासागर क्षेत्र में खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं को बढ़ाया जा सके। नौसेना इसे तमिलनाडु के राजाली, अर्कोणम से संचालित कर रही थी। नौसेना ने कहा, मिशन के दौरान इसने तकनीकी खराबी का सामना किया।

## नौजवानों को पत्थर थमाकर खुश होते थे ये तीन खानदान

- जम्मू-कश्मीर में पीएम मोदी ने कांग्रेस, एनसी और पीडीपी पर साधा निशाना

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कांग्रेस, नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने सबसे पहले पहले चरण के मतदान में बंपर मतदान के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई दी और आशा जताई कि आगे भी जनता बंपर वोटिंग से केंद्र शासित प्रदेश का



भाग्य बदलेगी। उन्होंने कहा कि जब मैं पिछली बार आया था तब कहा था कि जम्मू-कश्मीर को बर्बाद करने में तीन खानदान जिम्मेदार हैं। तब से दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक भड़के हुए हैं। इन तीन खानदानों को लगता है कि जैसे-तैसे कुर्सी पर कब्जा जमाना और आप सबको लूटना। ये इनका पैदाइशी हक है। जम्मू-कश्मीर की आवाम को उनके जायज हक से महरूम रखना ही इनका सियासी एजेंडा रहा है। इन्होंने जम्मू-कश्मीर को सिर्फ डर और अराजकता ही दी है लेकिन, अब जम्मू-कश्मीर इन तीन खानदानों के शिकंजे में रहने वाला नहीं है। श्रीनगर में एक रैली में पीएम मोदी ने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोग भारत के लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं।

## भाजपा के हरियाणा चुनाव संकल्प पत्र में 20 बड़े वादे

- अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, महिलाओं को 2100 महीने, यह कांग्रेस से 100 रुपए ज्यादा

**रोहतक (एजेंसी)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को हरियाणा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र में अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी दी गई है। महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने का वादा किया है। यह राशि कांग्रेस के कल जारी घोषणा पत्र से 100 रुपए ज्यादा है। इसमें 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने जैसी 20 बाते हैं। रोहतक में संकल्प पत्र जारी करते हुए नड्डा ने कहा कि अस्पतालों में डायलिसिस फ्री होगा और चिरायु आयुष्मान योजना में 10 लाख तक इलाज मुफ्त हो सकेगा। नड्डा ने कहा कि बीजेपी ने 20 संकल्प रखे हैं। हरियाणा के विकास को नॉन स्टॉप रखने के लिए सिग्नल आपको डाउन करना है। वह किसका करना है, ये आपको तय करना है। इस प्रोग्राम में केंद्रीय




मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के अलावा बड़े नेता मौजूद थे। जेपी नड्डा ने कहा हरियाणा की छवि 10 साल पहले क्या थी। पहले हरियाणा में नौकरी के लिए पर्ची-खर्ची चलती थी। नौकरी के कारण लोगों को सजाएं तक हुई। हरियाणा जमीनों के घोटाले के लिए जाना जाता था। उनका रियल मेनिफेस्टो ये था कि जमीन का घोटाला। किसानों की जमीन को हड़पना। उनकी जमीन की श्रेणी को बदलना। मेनिफेस्टो को विरोधियों ने डायल्यूटेड बना दिया। भाजपा के लिए संकल्प पत्र सीरियस डाक्यूमेंट है। हम जो कहते हैं, वही करते हैं। इससे आपको साफ दिखेगा कि हरियाणा बदला है। हरियाणा का एक्सपोर्ट दस साल में 68 हजार करोड़ से बढ़कर ढाई लाख करोड़ से ज्यादा का हो चुका है।

## लेबनान में दहशत,मोबाइल तक नहीं छू रहे यहां के लोग

- पेजर,वॉकी-टॉकी धमाकों से पूरे देश में भय का माहौल

**बेरूत (एजेंसी)।** लेबनान में पेजर, वॉकी-टॉकी के बाद अब सोलर एनर्जी सिस्टम में धमाके हुए हैं। पिछले 2 दिन में धमाकों के तीन पैटर्न में 32 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 3500 से ज्यादा घायल हैं। इन धमाकों के बाद लोग मोबाइल फोन छूने से डर रहे हैं। वहीं हिजबुल्लाह ने अपने लड़ाकों को हिदायत दी है कि वे अपने फोन की बैटरी निकालकर फेंक दें। लेबनान में ईरान के समर्थन वाले हिजबुल्लाह संगठन के लड़ाके इजराइली हैकिंग से बचने के लिए मोबाइल फोन की जगह पेजर और वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल करते हैं।

वहीं, राजधानी बेरूत में बड़ी संख्या में घरों पर सोलर सिस्टम लगे हुए हैं। हिजबुल्लाह ने इन हमलों का आरोप इजराइल पर लगाया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को इस मामले में आपात बैठक बुलाई है। लेबनान की राजधानी बेरूत में रफीक हरीरी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स के वॉकी-टॉकी और पेजर्स ले जाने पर बैन लगा दिया गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने ये आदेश जारी किया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल में दो मिसाइलें दागीं। इसमें 8 इजराइली सैनिक घायल हो गए हैं। इनमें 2 की हालत गंभीर है। लेबनान में हमलों के बीच इजराइली ने अपने कई सैनिकों को गाजा से नॉर्दर्न बॉर्डर शिफ्ट किया है।

### मुझे 20-25 सीट दे दो...

## मोदीजी को अपने इशारे पर नचाऊंगा

- बारामूला सांसद अब्दुल राशिद की कश्मीरियों से अपील

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में बुधवार को सात जिलों की 24 विधानसभा सीटों पर हुए पहले चरण के मतदान में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आर्टिकल 370 हटने के बाद पहली बार हुए विधानसभा चुनाव में 61 प्रतिशत मतदान हुआ। जम्मू-कश्मीर चुनाव में भाजपा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी जैसे दिग्गजों के अलावा अब्दुल राशिद की पार्टी एआईपी भी मैदान में है। टेरर फंडिंग केस में



जेल की सजा काट रहे बारामूला लोकसभा सीट जीतकर सभी को चौंकाने वाले राशिद ने कश्मीर की जनता से अपील की है कि अगर वे उनकी पार्टी को 20 से 25 सीटें दे दें तो वे महज तीन साल के भीतर कश्मीर मुद्दे को खत्म कर देंगे और मोदीजी को अपने इशारे पर नचाएंगे। अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के प्रमुख शेख अब्दुल राशिद ने दावा किया है कि अगर जम्मू-कश्मीर के लोग उनकी पार्टी को मौजूदा विधानसभा चुनावों में 20-25 सीटें दें तो वह तीन साल में कश्मीर मुद्दे को सुलझा लेंगे।

## रांची प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने की राज्यपाल से मुलाकात

- पत्रकारहित में राज्यपाल को सौंपा छह सूत्री मांगपत्र
- प्रेस क्लब पधारने का दिया न्योता

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** रांची प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन के नेतृत्व में राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें छह सूत्री मांग पत्र सौंपा। राज्यपाल को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड के पत्रकार विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना करते हुए अपने



कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। राज्य बनने के लगभग 24 वर्षों बाद भी अबतक राज्य के पत्रकारों के हितों की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं, जबकि दूसरे राज्यों ने इस दिशा में पर्याप्त उदारता दिखाई है। राजधानी रांची समेत पूरे राज्य के पत्रकारों को कई चुनौतियों के साथ काम करना पड़ रहा है। राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पत्रकार पेंशन योजना, पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना की घोषणा तो की गयी, लेकिन उसे अब तक अमली जामा नहीं पहनाया जा सका है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल का जिन समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है उनमें पत्रकारों के लिए झारखंड में स्वास्थ्य और जीवन बीमा की योजना यथाशीघ्र लागू करवाने, पत्रकारों को आवास सुविधा हेतु जमीन चयन कर कॉलोनी डेवलप करवाने, पत्रकार पेंशन योजना को सरलीकृत करवाने, ताकि अधिक से अधिक पत्रकार साथी लाभान्वित हो सकें। यह भी कहा गया है कि झारखंड सरकार द्वारा पत्रकारों को मेडिक्लेम हेतु आवेदन भरवाए गए थे और उनसे आंशिक पैसे भी ऑनलाइन ले लिए गए थे, लेकिन दो सालों के बाद भी मेडिक्लेम सुविधा का लाभ पत्रकारों को नहीं मिला, इसे लागू करवाये जाने और पत्रकारों को संकट में आर्थिक मदद पहुंचाने हेतु रांची प्रेस क्लब के कॉर्पस फंड में राजभवन की ओर से आर्थिक सहयोग प्रदान करने और अन्य राज्यों की तरह झारखंड राज्य में भी पत्रकार सुरक्षा क़ानून लागू करने हेतु सरकार को निर्देशित करने की मांगें प्रमुख रूप से शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को प्रेस क्लब आने का न्योता भी दिया, जिसे राज्यपाल ने सहर्ष स्वीकार किया।

राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातें विस्तार से सुनने के बाद समस्याओं के निराकरण हेतु हर सम्भव मदद का भरोसा दिया।

प्रतिनिधिमंडल में द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन, सचिव अमरकान्त, कार्यकारिणी सदस्य संजय सुमन, आरजे अरविंद और चन्दन भट्टाचार्य शामिल थे।

# परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**पाकुड़।** आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 में झूठ-लूट-भ्रष्टाचार में लिप्त इस झामुमो-कांग्रेस-राजद ठगबंधन हेमंत सरकार से झारखंड को मुक्त कराने हेतु ÷परिवर्तन संकल्प यात्रा÷ को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय की अध्यक्षता में पाकुड़, लिट्टीपाड़ा एवं महेशपुर तीनों विधानसभाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से मंच पर प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, संथाल परगना प्रमंडल सह संयोजक एवं अ.ज.जा. मोर्चा प्रदेश मंत्री रवीन्द्र टुडू, पाकुड़ विधानसभा प्रभारी निवास मंडल, पूर्व विधायक वेणी प्रसाद गुप्ता, मिस्त्री सोरेन एवं सुफल मरांडी, पूर्व जिला अध्यक्ष बलराम दुबे, विवेकानन्द तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमल भगत, अनुग्राहित प्रसाद साह, अ.ज.जा. प्रदेश उपाध्यक्ष देवीधन टुडू, भाजपा नेत्री मीरा प्रवीण सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सम्पा साहा, पूर्व जिला अध्यक्ष साहेबगंज पाचु सिंह, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबुधन मुर्मू, जिला परिषद सदस्या पिंकी मंडल उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कहा कि यह भव्य परिवर्तन संकल्प यात्रा झारखंड को इस भ्रष्टाचारी हेमन्त सरकार से मुक्त कराने का संकल्प लेने एवं जन-जन तक इस संदेश को पहूँचाने को लेकर है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड को विकसित एवं सुरक्षित बनाने में भाजपा अब कोई कोर-कसर नही छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि आगामी 29 सितंबर को विकसित भारत बनाने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात का लाईव प्रसारण भी हम सभी अवश्य सुनें। संथाल परगना प्रमंडल सह संयोजक रविन्द्र टुडू ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए अपने संबोधन में कहा कि आगामी दिनांक- 20 से 30 सितम्बर, 10 दिनों तक पूरे प्रदेश में यह परिवर्तन संकल्प यात्रा होनेवाली है, इसी निमित्त इस भव्य परिवर्तन संकल्प यात्रा रथ का शुभारंभ बरहेट के भोगनाडीह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने कर कमलों से हरी झंडी दिखाकर करेंगे जो 22 सितंबर को बरहेट से लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर से होते हुए हमारे पाकुड़ पहुचेंगे। प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने कहा कि इस परिवर्तन संकल्प यात्रा को सफल बनाने में सभी कार्यकर्त्ता अपनी पूरी ताकत लगा दें ताकि जन-जन तक यह संदेश जाए कि आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित, किसान, गरीब, युवा, महिला एवं हर वर्ग के विकास एवं सुरक्षा के लिए तथा विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सदैव सबके साथ मजबूती से खड़ी है एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में हमारे पाकुड़, लिट्टीपाड़ा एवं महेशपुर तीनों विधानसभाओं सहित पूरे झारखंड में भाजपा की एक मजबूत सरकार बनने जा रही है। अब हम न सहेंगे, न कहेंगे, इस भ्रष्ट हेमन्त सरकार को बदल के रहेंगे। विधानसभा प्रभारी निवास मंडल ने कहा कि इस परिवर्तन संकल्प यात्रा के माध्यम से हम संकल्प ले कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना है ताकि बंगलादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देनेवालों को हम कड़ा सबक सिखाने के साथ-साथ इन घुसपैठियों को हम बाहर निकाल एक सुरक्षित एवं विकसित झारखंड बना सके।



## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों के अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन

### उप विकास आयुक्त, स्मृता कुमारी व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, स्नेह कश्यप ने गर्भवती महिलाओं/धात्री महिलाओं की गोदभराई की तथा किशोरियों को पौष्टिक आहार दिया गया



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,गिरिडीह।** आज आंगनबाड़ी केंद्र, बंदरकुप्पी में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के तहत उप विकास आयुक्त, स्मृता कुमारी व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, स्नेह कश्यप के द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी दी और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और शिशुओं के अन्नप्राशन का आयोजन किया गया। साथ ही किशोरियों को पौष्टिक आहार दिया गया। मौके पर सभी को पौष्टिक आहार/सात्विक भोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का थीम अनीमिया, वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार, पोषण भी एवं बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहत उपयोग रखा गया है। जिसके लिए समग्र प्रयास की आवश्यकता है। ताकि पोषण माह कार्यक्रम सफल हो सके।

**राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के प्रमुख विषय एवं गतिविधि कैलेंडर...** पोषण परिणामों में सुधार के लिए मिशन पोषण 2.0 में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन संचार (एस.बी.सी.सी) और सामुदायिक गतिशीलता एक महत्वपूर्ण बिंदु रहा है। अन्य विभागों के साथ मिलकर लाभार्थियों और आम लोगों के बीच पोषण संबंधी सेवाओं और व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए जन भागीदारी से जन आंदोलन के लिए हर साल सितम्बर माह में पोषण माह मनाया जाता है। इस साल की राष्ट्रीय पोषण माह के प्रमुख विषय में एनीमिया,वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार,

पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहत उपयोग एवं समग्र पोषण आदि शामिल हैं।

इसी थीम के आधार पर अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से आंगनवाड़ी केंद्रों, परियोजना स्तर, जिलों और राज्य स्तर के लिए विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अन्य विभागों के साथ अभिसरण में पोषण संबंधी सेवाओं और व्यवहारों को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक घोषणाओं, नुक्कड़ नाटकों, दीवार लेखन, सामुदायिक बैठको, सोशल मीडिया और मास मीडिया गतिविधियों का आयोजन करने की आवश्यकता है।

## ट्रीटमेंट प्लांट का पुराना इंटकवेल डूबने के कारण झरिया में पानी सप्लाई बंद, लोगो को हो रही परेशानी



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,धनबाद।** कोयलांचल में पिछले पांच दिनों तक लगातार हुई बारिश के कारण तेनुघाट डैम का फाटक खोल दिया गया जिससे दामोदर नदी उफान पर आ गई। जिसके कारण नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से जामाडोबा स्थित झमाडा के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का पुराना इंटकवेल डूब गया। जिसके कारण 9 एमजेडी पम्प बंद है। इससे झरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों के लगभग आठ लाख की आबादी को मंगलवार से ही पीने का पानी नही मिल रहा है। यही नही 18 इंच का पाइप भी लीकेज हो गया है जिसका मरम्मत का कार्य जारी है। पाइप 9 और 11 भी लीकेज है। हालांकि अधिकारी व कर्मी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। पानी की सफलाई चालू होने को लेकर झमाडा एमडी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने कहा की नदी में अधिक पानी आने से मोटर डूब गाया था कुछ पाइप भी लीकेज हो गया साथ ही बिजली भी सुचारू रूप से नहीं मिल रहा है जिससे देर हो रही है सारा काम चल रहा है जल्द ही पानी सप्लाई शुरू हो जाएगा।

## कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना जिला प्रशासन का उद्देश्य, पकड़े जाने पर की जाएगी एफआईआर दर्ज- उपायुक्त

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,धनबाद।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 (जे.जी.जी.एल.सी.सी.ई. - 2023) को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को न्यू टाउन हॉल में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, फ्लाइंग स्क्वॉड तथा पुलिस पदाधिकारियों के लिए ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराना जिला प्रशासन का उद्देश्य है। इसलिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्व का गंभीरता से निर्वाहन करेंगे। आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे।



उन्होंने कहा कि यह परीक्षा सभी परीक्षार्थियों के लिए अति महत्वपूर्ण है। जो परीक्षार्थी इसमें सफल होंगे वे अच्छे पद पर काम करेंगे। इसलिए सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्य का कड़ाई से पालन करेंगे। परीक्षा बाधित करने वालों पर पैनी नजर रखेंगे। कदाचार करते पकड़े जाने पर सेंटर सुपरिंटेंडेंट परीक्षार्थी पर एफआईआर दर्ज कराएंगे। परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को बाहर जाने की अनुमति नहीं देंगे।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। दंडाधिकारी प्रत्येक परीक्षार्थी की अच्छी तरह से तलाशी लेंगे। आपत्तिजनक वस्तु मिलने पर तुरंत इसकी रिपोर्ट सेंटर सुपरिंटेंडेंट से करेंगे। फ्लाइंग स्क्वॉड और पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट परीक्षा से पूर्व परीक्षा केंद्र का भ्रमण कर लेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल जैमर सहित अन्य की जांच कर लेंगे। अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की जरूरत हो तो लगवा लेंगे। इसके अलावा उन्होंने सीटिंग प्लान, प्रश्न पत्रों के डिस्पैच, वितरण की एसओपी, परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रश्न पत्रों की सीलिंग, वापस स्ट्रांग रूम लाना, सुचारू यातायात व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए। झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 में लगभग 29000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसका आयोजन शनिवार 21 सितंबर एवं रविवार 22 सितंबर 2024 को जिले के 74 सेंटर पर 3 शिफ्ट में किया जाएगा। पहली शिफ्ट में सुबह 8ः30 से 10ः30 बजे तक, दूसरी शिफ्ट सुबह 11ः30 से दोपहर 1ः30 बजे तक एवं तीसरी शिफ्ट में दोपहर 3ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकार कालिदास मुंडा, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 शंकर कामती, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,गिरिडीह।** लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह जागृति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन सदर अस्पताल में वहां के डॉक्टर के देखरेख में किया गया। जिसमें 11 यूनिट रक्तदान किया गया।

मौके पर क्लब की अध्यक्षा लायन मीना गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा के क्षेत्र में यह रक्तदान शिविर का आयोजन क्लब की और से किया गया है। रक्त को कृत्रिम रुप से बनाया नहीं जा सकता है। इसकी कमी को पूरा करने के लिए हम सबों को रक्तदान करने के लिए लोगो प्रेरित करना पड़ेगा। ओर रक्तदान करने पर ही जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसलिए रक्तदान करना चाहिए रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। शालिनी बैसाखियार ने कहा कि रक्तदान महादान है क्योंकि इस दान में कोई भेद भाव नहीं होता। रक्त मानव शरीर की एक ऐसी रचना है जिसमें कोई जात पात धर्म, अमीरी ग़रीबी नहीं होता, लहू का रंग सिर्फ लाल होता है एवं यह दान जीवन रक्षक दान है। मौके पर क्लब की सचिव रागनी प्रकाश कोषाध्यक्ष मनीषा कपीसवे लायन अनीता गुप्ता लायन शालिनी बैसखियार सुषमा गुप्ता सरिता बरनवाल अरुणद्य नाथ मंडल आदि मेंबर उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**पाकुड़।** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 के नामित जिला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। संबंधित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन रविन्द्र भवन टाउन हॉल में आयोजित किया गया।मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने को लेकर प्रतिबद्ध है। निर्वाचन कार्य में सभी की महत्त्वपूर्ण भूमिका है,सभी अपने निर्वाचन दायित्वों का सही से अनुपालन करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी प्रशिक्षण सत्र में अपने कार्य दायित्व को समझ कर, ससमय अपने कार्यों को पूरा कर जिला को प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने, उसका पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण जितना बेहतर होगा, मतदान प्रक्रिया का संचालन भी उसी अनुरूप और बेहतर तरीके से कर पाएंगे। मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें। इस दौरान मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारी, कर्मियों को ईवीएम, वीवीपैट के कनेक्शन, संचालन और सभी मतदान प्रक्रियाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। सेक्टर पदाधिकारी को अपने सेक्टर के अधीन समस्त मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने, वेल्नेरेविबलिटी मैपिंग, उन गांव/मोहल्लों को चिह्नित करना, जिनमें डरा धमकाकर मतदान से रोका जाता है एवं विधिसम्मत क्या कार्रवाई की जा सकती है, इसपर प्रकाश डाला गया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि मतदान केन्द्र के पहुंच मार्ग का भौतिक सत्यापन, वल्नरेबिलिटी मैपिंग एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के मापदंड के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता बिना भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें इसे सुनिश्चित करना है। मतदान के लिए किसी भी प्रकार का प्रलोभन या डरा- धमकाकर मतदान से वंचित रखने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को दिए।



प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमार अभिषेक सिंह, जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक (DLMT) के रूप में उपस्थित थे।

## झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल आयोजन को लेकर बैठक हुई संपन्न

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**पाकुड़।** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल आयोजन को लेकर बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसके बेहतर संचालन एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए आप सबों को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा परीक्षा संचालन को लेकर जारी मार्ग- निर्देशिका का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने सभी पर्यवेक्षक सह दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि वे परीक्षा तिथि को निर्धारित समय से न्यूनतम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा को कदाचार मुक्त और सुगमता पूर्वक संचालित कराने के लिए सभी तरह के कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सेंटर सुपरिटेंडेंट यह सुनिश्चित करें कि उनकी ओर से कोई चूक ना हो। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा संचालन में लगे कोई भी गलत आचरण करते पाया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। 21 सितम्बर एवं 22 सितम्बर को आयोजित होने वाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर शहर में 15 केन्द्र बनाए गये है जिसमें कुल 5616 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की जाएगी पहली पाली में 08ः30 बजे से 10ः30 बजे पूर्वाह्न एवं दूसरी पाली में 11ः30 बजे पूर्वाह्न से 01ः30 बजे पूर्वाह्न तक, तीसरी पाली 03ः00 बजे 05ः00 बजे अपराह्न तक परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा को कदाचार मुक्त कराया जा सकें, इसके लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसमें के0के0एम कॉलेज, पाकुड़, पाकुड़ पॉलिटेक्निक कॉलेज,डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, पाकुड़, हरिणडांगा उच्च विद्यालय, पाकुड़, रानी ज्योतिर्मय बालिका उच्च विद्यालय, पाकुड़, आदर्श बिल्टू मध्य विद्यालय, पाकुड़, मध्य विद्यालय, धनुषपूजा, डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस बालिका, पाकुड़, मध्य विद्यालय हरिणडांगा, पाकुड़ पश्चिमी, जिदातो बालिका उच्च विद्यालय, पाकुड़, डीएवी पब्लिक स्कूल, पाकुड़, दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाकुड़, संत जोसेफ स्कूल, पाकुड़, एलाईट पब्लिक स्कूल, पाकुड़ एवं संत डॉन बॉस्को स्कूल, पाकुड़ शामिल हैं।



## अज्ञात अपराधियों द्वारा आदिवासी युवती के साथ पहले दुष्कर्म फिर हत्या




**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,धनबाद।** धनबाद में इन दिनों अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। इसका ताजा उदाहरण गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बोरियो में देखने को मिला। जहां अज्ञात अपराधियों ने आदिवासी युवती के घर मे घुसकर गला दबाकर हत्या कर दी। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि अज्ञात अपराधियों ने आदिवासी लड़की के साथ पहले दुष्कर्म किया हो उसके बाद लड़की की गला दबा दिया गया हो। इस बात को स्थानीय ग्रामीण भी दबे जुबान से स्वीकार कर हत्या की आशंका जाहिर कर रहे है। इस घटना के बाद आदिवासी लड़की का शव धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में लाया गया। अस्पताल लाने के बाद स्थानीय जिला परिषद् सदस्य लक्ष्मी मुर्मू और बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अख्तर अंसारी ने मेडिकल बोर्ड का गठन कर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है ताकि दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो सके। घटना के वक्त आदिवासी लड़की ने 112 नंबर पर भी कॉल किया था लेकिन उसका सहयोग नहीं मिला। इधर घटना के बाद डीएसपी शंकर कामती घटनास्थाल पर पहुंचे और उन्होंने तुरंत इस मामले में तीन युवको को हिरासत में लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना में भले ही तीन अज्ञात युवको को हिरासत में लेके पूछताछ कर रही हो लेकिन एक सवाल यह खड़ा होता है कि जब आदिवासी लड़की ने 112 नंबर पर डायल किया तो उसे स्थानीय पुलिस का सहयोग क्यों नहीं मिला? मरने के बाद लोगों के जहन में अब कई सवाल उठ रहे हैं।

# जदयू का झरिया विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, पिंटू को प्रत्याशी बनाने पर ज़ोर

### झरिया की जनता पूरी तरह बदलाव के मूड में- खीरू महतो

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**झरिया (धनबाद)।** धनबाद जिला जनता दल (यू ) की ओर से झरिया विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन गुरुवार को अनिल टॉकिज भागा, झरिया में आयोजित हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह ने की। जबकि स्वागताध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जदयू पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि सभा में बैठने की जगह कम पड़ गया। इसके लिए क्षमा चाहेंगे। भीड़ बता रही है कि झरिया की जनता पूरी तरह से बदलाव के मूड में है। वर्तमान झारखंड सरकार निकम्मी है। जमीनी स्तर में कोई काम नजर नहीं आ रहा है। अगर झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदलना है तो जदयू से जुड़े। नीतीश कुमार बिहार के साथ-साथ झारखंड की भी तरक्की चाहते है। आज राज्यसभा जाने के लिए लोग झोला भरकर रुपए ले जाते है पर मुझे राज्यसभा जाने के लिए एक रुपया नही लगा। खीरू महतो जनता की समस्याओं के खिलाफ लड़ाई के लिए हमेशा तैयार है। सम्मेलन के दौरान विभिन्न दलों के 368 नेताओं ने जदयू का दामन थामा।




बिहार के एम.एल.सी. सह प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि जदयू झारखंड में चुनाव लड़ेगी। सीट पार्टी तय करेगी। विपक्ष के नेता देश के बाहर जाकर देश की आलोचना करते है। नीतीश कुमार ने झारखंड को अपना माना है। बिहार कोटे से खीरु महतो को राज्यसभा भेजकर झारखंड का मान बढ़ाने का काम किया है। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी है और महिला अपराध चरम पर है। झारखंड सरकार को बिहार मॉडल लागू करने में पसीना छूट रहा है। हिम्मत है तो शराबबंदी कराए। शराब पिलाकर सभ्य समाज का निर्माण संभव नहीं है।

बिहार के एम.एल.सी. विजय सिंह ने कहा कि झारखंड तथा बिहार एक साथ अलग हुआ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को बीमारू राज्य से देश का उत्तम राज्य बनाने का काम किया है। झारखंड किस हद तक विकास किया है इसका आकलन कर खुद समझ सकते है कि झारखंड कितना पीछे रह गया है। पार्टी झारखंड में खीरु महतो के नेतृत्व में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेगी। पार्टी कार्यकर्ता किस सीट से चुनाव लड़ेगी। यह केंद्रीय नेतृत्व तय करेगी। सम्मेलन के दौरान प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, प्रदेश महासचिव संजय सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज कुमार, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, जिला संगठन प्रभारी बेनी माधव झा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह कुशवाहा, प्रदेश के विशेष आमंत्रित सदस्य उचित महतो, प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुन्ना सिन्हा आदि ने अपने विचार रखे। उक्त मौके पर पूर्व विधायक कामेश्वर दास,प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह, जिला महासचिव कामेश्वर यादव,मुन्ना सिन्हा, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रूपेश पासवान, महिला नेत्री रीता रानी मण्डल, जिला महामंत्री डॉ.राजेश राम, जिला सचिव बैजु सिन्हा, चिरकुंडा नगर अध्यक्ष टोनी सिंह, झप्पु सिन्हा, झरिया नगर अध्यक्ष अनिल सिंह, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलु मोदक, झरिया प्रखंड अध्यक्ष शिवकुमार पासवान, जिला महासचिव अजय श्रीवास्तव, अनिल सिन्हा, बैजनाथ भगत, बबीता देवी, जे.पी यादव, युवा प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष महेश कुमार, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सुमित वर्मा, जिला उपाध्यक्ष डब्लू सिंह, निरसा प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार पांडेय, टुंडी प्रखंड अध्यक्ष शिशिर दा, अक्षय सिन्हा, बमबम सिंह, सुबोध सिंह, जिला महासचिव नेपाल प्रमाणिक, जयंत रावत, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष शिवचरण महतो, समाज सेवी अनिल कुमार सिंह, निवास गोप, सत्यदेव मल्लिक, दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विद्यानन्द पासवान आदि मौजूद थे।

## संपादकीय

# आतिशी के सिर ताज

दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे और आतिशी को विधायक दल की नई नेता चुने जाने से दिल्ली सरकार में महीनों से जारी एक संकट दूर हो गया है। जेल से केजरीवाल के सरकार चलाने के पीछे चाहे जो भी राजनीतिक निहितार्थ रहे हों, सांविधानिक गरिमा के अनुकूल तो वह स्थिति खैर नहीं ही थी और जमानत पर रिहा होने के बाद भी उन पर जिस तरह की अदालती शर्तें आयद हैं, एक मुख्यमंत्री की स्वतंत्र कार्य-प्रणाली में उनसे अड़चनें ही आतीं। लिहाजा, नए मुख्यमंत्री का चुनाव न सिर्फ दिल्ली की जनता के हित में था, बल्कि खुद केजरीवाल के राजनीतिक भविष्य के मुफीद भी था। निस्संदेह, आम आदमी पार्टी की धुरी आज भी अरविंद केजरीवाल ही हैं। विधायक दल की नेता चुने जाने के बाद आतिशी का सार्वजनिक रूप से यह कहना कि वह सिर्फ अगले चुनाव तक पदभार संभाल रही हैं, पार्टी के भीतर किसी नए केंद्र की आशंका को तिरोहित करना तो है ही, कहीं न कहीं यह वरिष्ठ नेताओं की आहत महत्वाकांक्षाओं पर मरहम रखना भी है। निस्संदेह, विधायक के रूप में आतिशी का यह पहला कार्यकाल है, और किसी गैर-राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि की महिला का पांच साल के भीतर यूं मुख्यमंत्री की कुरसी तक पहुंचने का यह विरल उदाहरण भी है। जाहिर है, इस ताजपोशी के पीछे पार्टी के प्रति आतिशी की अटूट निष्ठा की अहम भूमिका है। पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के साथ मिलकर राजधानी के सरकारी स्कूलों के कायाकल्प में उन्होंने जैसा काम किया है, वह किसी से छिपा नहीं है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व- अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के जेल जाने के बाद जिस तरह से उन्होंने सौरभ भारद्वाज और अन्य साथियों के साथ मिलकर सड़क से लेकर मीडिया तक आम आदमी पार्टी की जंग लड़ी, उससे कार्यकर्ताओं में उनकी एक जुझारू छवि बनी है। ऐसे में, उनसे उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव कराने की मांग की है, उनकी यह मांग नहीं मानी गई, तब भी अगले साल फरवरी के पहले पखवाड़े तक चुनाव कराने होंगे। ऐसे में, आतिशी के पास अपनी शासकीय छाप छोड़ने के लिए बहुत अधिक समय नहीं है। फिर जिस सूबे की वह मुखिया बनी हैं, वह सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसी दिग्गज महिला नेताओं का शासन देख चुका है। खासकर शीला दीक्षित के लंबे कार्यकाल में दिल्ली ने विकास के न सिर्फ ऊंचे मापदंड देखे, बल्कि शालीन राजनीति का पाठ भी देश को पढ़ाया। इसलिए आतिशी के आगे कई बड़ी चुनौतियां होंगी। दिल्ली के नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के साथ-साथ पार्टी की चुनावी नैया पार लगाने की चुनौती तो है ही, उनके समक्ष सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित की शालीन परंपरा को आगे बढ़ाने की भी चुनौती है। जाहिर है, आम आदमी पार्टी उनसे यही अपेक्षा करेगी कि वह महिला व युवा मतदाताओं को पार्टी की तरफ ज्यादा से ज्यादा आकर्षित करें। आतिशी का चयन अब विपक्ष को दिल्ली में नई रणनीति अपनाने के लिए बाध्य करेगा। केजरीवाल ने पद छोड़कर सत्ता से चिपके रहने की आलोचना की धार कुंद कर दी है, तो वहीं महिला वोटरों को रिझाने के लिए नेतृत्व के अलावा भी कई योजनाएं पार्टी के पास हैं। सियासत में सभी पार्टियां अपने दांव चलती ही हैं, पर आतिशी के लिए तो यह खुद को साबित करने का मुकाम है।

**भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.93 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जबकि, जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष बनी हुई है और जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है अथवा इसके ऋणात्मक रहने की भी प्रबल सम्भावना है। इस दृष्टि से मार्च 2025 तक भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं मार्च 2026 तक भारत जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।**

# भारत के मार्च 2026 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के संकेत

**(प्रह्लाद सबनानी)**

जापान की अर्थव्यवस्था में तेजी के दौरान आस्तियों की बढ़ी हुई कीमत पर ऋण लिए गए थे परंतु जैसे ही इन आस्तियों की कीमत बाजार में कम हुई, नागरिकों को ऋणराशि की किश्तें चुकाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और इससे भी जापान में आर्थिक समस्याएं बढ़ी थी।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.93 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जबकि, जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष बनी हुई है और जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है अथवा इसके ऋणात्मक रहने की भी प्रबल सम्भावना है। इस दृष्टि से मार्च 2025 तक भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं मार्च 2026 तक भारत जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हाल ही के समय में जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की समस्याएं दृष्टिगोचर हैं, जिनके कारण इन दोनों देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले वर्षों में विपरीत रूप से प्रभावित रह सकती है।

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात लगातार 4 दशकों तक जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन में तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहा। इस दौरान विनिर्माण इकाईयों के बल पर जर्मनी ने अपने आप को विश्व में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर लिया था एवं विभिन्न उत्पादों, विशेष रूप से कार, मशीनरी एवं केमिकल उत्पादों का निर्यात पूरे विश्व को भारी मात्रा में किया जाने लगा था। पिछले 20 वर्षों के दौरान जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन के विकास का इंजिन बना हुआ था। चूंकि चीन की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से विकास कर रही थी अतः पिछले 20 वर्षों के दौरान चीन, जर्मनी से लगातार मशीनरी, कार एवं केमिकल पदार्थों का भारी मात्रा में आयात करता रहा है। परंतु, अब परिस्थितियां बदल रही हैं क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था भी हिचकोले खाने लगी है और चीन ने विभिन्न उत्पादों का जर्मनी से आयात कम कर दिया है। अतः अब जर्मनी अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। आज बदली हुई परिस्थितियों में चीन, जर्मनी में निर्मित विभिन्न उत्पादों का आयात करने के स्थान पर वह जर्मनी का प्रतिस्पर्धी बन गया है और इन्हीं उत्पादों का निर्यात करने लगा है। दूसरे, पिछले लगभग 2 वर्षों से रूस ने भी ऊर्जा की आपूर्ति यूरोप के देशों को रोक दी है, रूस द्वारा निर्यात की जाने वाली इस ऊर्जा का जर्मनी ही सबसे अधिक लाभ उठाता रहा है। तीसरे, जर्मनी में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और एक अनुमान के अनुसार जर्मनी में आगे आने वाले एक वर्ष से कार्यकारी जनसंख्या में प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की कमी आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इससे उपभोक्ता खर्च पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। चौथे, जर्मनी में नागरिकों की उत्पादकता भी कम हो रही है। जर्मनी में प्रत्येक नागरिक वर्ष भर में केवल 1300 घंटे का कार्य करता है जबकि ह्श्वष्टष्ठ देशों में यह औसत 1700 घंटे का है। पांचवे, यूरोपीयन यूनियन में वर्ष 2035 में पेट्रोल एवं डीजल पर चलने वाले चार पहिया वाहनों के उत्पादन पर रोक लगाई जा सकती है जबकि इन कारों का निर्माण ही जर्मनी में अधिक मात्रा में होता है तथा जर्मनी की कार निर्माता कम्पनियों ने बिजली पर चलने वाले वाहनों के निर्माण पर अभी बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया है। साथ ही, जर्मनी ने नवाचार पर भी कम ध्यान दिया है एवं स्टार्ट अप विकसित करने में बहुत पीछे रहा है आज इन क्षेत्रों में अमेरिका एवं चीन बहुत आगे निकल गए हैं एवं जर्मनी आज अपने आप को असहाय सा महसूस कर रहा है। अतः जर्मनी अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव आगे आने वाले लम्बे समय तक चलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

वैश्वीकरण की प्रक्रिया का प्रभाव भी जर्मनी अर्थव्यवस्था पर पड़ा है एवं अब पूरे विश्व में गैरवैश्वीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। आज प्रत्येक विकसित एवं विकासशील देश अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलंबी बनना चाहता है। अतः जर्मनी जैसे देशों से मशीनरी एवं कारों का निर्यात कम हो रहा है साथ ही इन उत्पादों की तकनीकि भी लगातार बदल रही है जिसे जर्मनी की विनिर्माण इकाईयां उपलब्ध कराने में असफल सिद्ध हुई हैं। पिछले 5 वर्षों के दौरान जर्मनी अर्थव्यवस्था में विकास दर हासिल नहीं की जा सकी है।




जर्मनी में सितम्बर 2023 माह में वोक्सवेगन कम्पनी ने अपनी दो विनिर्माण इकाईयों को बंद करने का निर्णय लिया है। यह कम्पनी जर्मनी में 3 लाख से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध कराती है तथा अन्य लाखों नागरिकों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती हैं। इस कम्पनी ने जर्मनी में अपनी विनिर्माण इकाईयों में उत्पादन कार्य को काफी हद्द तक कम कर दिया है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से इस कम्पनी के उत्पादों की बिक्री लगातार कम हो रही है। पिछले 5 वर्षों के दौरान इस कम्पनी की बाजार कीमत आधे से भी कम रह गई है। इस कम्पनी की उत्पादन इकाईयों में चार पहिया वाहनों का निर्माण किया जाता रहा है परंतु अब इन उत्पादन इकाईयों में बिजली पर चलने वाली कारों के निर्माण में बहुत परेशानी आ रही है। बिजली पर चलने वाली कारों का जर्मनी में उत्पादन बढ़ाने के स्थान पर चीन से इन कारों का बहुत भारी मात्रा में आयात किया जा रहा है। अपनी आर्थिक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जर्मनी ने यूक्रेन को टैंकों की आपूर्ति भी रोक दी है। दरअसल कोरोना महामारी के बाद से ही, वर्ष 2020 के बाद से, जर्मनी की अर्थव्यवस्था अभी तक सही तरीके से पूरे तौर पर उबर ही नहीं सकी है।

एक अनुमान के अनुसार जर्मनी अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2024 में भी कम होने जा रहा है, यह वर्ष 2023 में भी कम हुआ था और इसके वर्ष 2025 में भी सुधरने की सम्भावना कम ही दिखाई दे रही है। जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2024 के दौरान 0.1 प्रतिशत की कमी की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। बेरोजगारी की दर भी 6.1 प्रतिशत के स्तर तक ऊपर जा सकती है। जर्मनी अर्थव्यवस्था केवल चक्रीय ही नहीं बल्कि संरचनात्मक क्षेत्र में भी समस्याओं का सामना कर रही है। इसमें सुधार की कोई सम्भावना आने वाले समय में नहीं दिख रही है। हालांकि यूरोपीयन यूनियन में जर्मनी की अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है परंतु फिर भी भारत, उक्त कारणों के चलते, जर्मनी की अर्थव्यवस्था को मार्च 2026 तक पीछे छोड़ देगा, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

इसी प्रकार, पिछले लगभग 30 वर्षों के दौरान जापान की अर्थव्यवस्था में मुद्रा स्फीति, ब्याज दरें एवं येन की कीमत स्थिर रही है। परंतु, हाल ही के समय में येन का अंतरराष्ट्रीय बाजार में अवमूल्यन हो रहा है एवं यह 160 येन प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर पर आ गया है, जो वर्ष 2009 के बाद से कभी नहीं रहा है। जापान की अर्थव्यवस्था कई उत्पादों के आयात पर निर्भर करती है। जापान अपनी ऊर्जा की आवश्यकताओं का 90 प्रतिशत एवं खाद्य सामग्री का 60 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है। जापान द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढ़ने से जापान में भी आयातित मुद्रा स्फीति की दर बढ़ रही है जो पिछले एक दशक के दौरान लगातार स्थिर रही है।

वर्ष 1955 से वर्ष 1990 के बीच जापान की अर्थव्यवस्था औसत 6.8 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से आगे बढ़ती रही। वर्ष 1990 तक जापान का स्टॉक मार्केट लगातार बढ़ता रहा एवं अचानक वर्ष 1990 में यह बुलबुला फट पढ़ा और जापान में आवासीय मकानों की कीमत 50 प्रतिशत तक गिर गई एवं व्यावसायिक मकानों की कीमत 85 प्रतिशत तक गिर गई। जापान के पूंजी बाजार में निक्के स्टॉक सूचकांक भी 75 प्रतिशत तक गिर गया।

जापान की अर्थव्यवस्था में तेजी के दौरान आस्तियों की बढ़ी हुई कीमत पर ऋण लिए गए थे परंतु जैसे ही इन आस्तियों की कीमत बाजार में कम हुई, नागरिकों को ऋणराशि की किश्तें चुकाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और इससे भी जापान में आर्थिक समस्याएं बढ़ी थी। दिवालिया होने वाले नागरिकों की संख्या बढ़ी और देश में अपस्फीति की समस्या प्रारम्भ हो गई थी। जापान की सरकार ने आर्थिक तंत्र में नई मुद्रा की मात्रा बढ़ाई और ब्याज दरों को लगभग शून्य कर दिया। इन समस्त उपायों से भी जापान में आर्थिक समस्याओं का हल नहीं निकल सका। वर्ष 2022 में जापान में भी विश्व के अन्य देशों की तरह मुद्रा स्फीति बढ़ने लगी थी परंतु जापान ने ब्याज दरों को नहीं बढ़ाया। अब कुल मिलाकर जापान अपनी आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है एवं वहां पर आगे आने वाले समय में आर्थिक विकास के पटरी पर आने की सम्भावना कम ही नजर आती है अतः भारत जापान की अर्थव्यवस्था को मार्च 2025 तक पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। (लेखक सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक )।

# नरेंद्र मोदी की तीसरी पारी के सौ दिन

**(अनिल बलूनी, सांसद एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख, भाजपा )**

यह सुखद संयोग है कि 17 सितंबर को ही नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 के 100 दिन पूरे हुए हैं और आज हमारे कर्मयोगी प्रधानमंत्री का जन्म दिवस है, जिसे पूरा देश सेवा दिवस के रूप में मना रहा है। जिस तरह से प्रधानमंत्री का पूरा जीवन जन-कल्याण और देश के विकास के लिए समर्पित रहा है, उसी तरह उनके इस कार्यकाल के बीते 100 दिन भी विकास और जन-कल्याण की दिशा में मील के पत्थर रहे हैं। एक अत्यंत गरीब परिवार में जन्म लेने के बाद अपनी प्रतिभा, लगन और विजन के बल पर एक आम कार्यकर्ता से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनने तक के उनके जीवन संघर्ष एवं कर्तव्य बोध से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने गरीबी को जीया है, इसलिए उनकी हर योजना के केंद्र में गरीब कल्याण का भाव निहित रहता है। विकास के जितने काम कई अन्य सरकारें अमूमन पूरे वर्ष में करती हैं, उससे कहीं अधिक कार्यों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में जमीन पर उतार दिया है।

पहले ऐसा देखा गया है कि जब नई सरकार का गठन होता है, पहले 20-25 दिन तो यूं ही जश्न में निकल जाते हैं और एक-दो महीने बाद विकास योजनाओं पर काम शुरू हो पाता है, पर प्रधानमंत्री के जीवन का क्षण-क्षण इस देश के लिए समर्पित है। उन्होंने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जो संकल्प लिया है, उसकी बानगी उनके तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में दिखती है। पहले 100 दिनों में विकास के जो महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं, उनकी आधारशिला प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत से पहले ही रख दी थी, जब उन्होंने अधिकारियों को मोदी सरकार 3.0 के 100 दिन के लिए कामकाज का टास्क दिया था, ताकि विकास की गति किंचित मात्र भी न रुके।

70 साल से अधिक उम्र के देश के सभी बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत योजना को लागू करना हो या एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) की शुरुआत हो, चाहे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर जोर हो या किसानों के कल्याण की बात, चाहे उद्योगों का विकास हो या गरीब कल्याण - प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार 3.0 के पहले 100 दिन में कई क्रांतिकारी कदम उठाकर न केवल विकसित भारत के संकल्प को एक नया आयाम दिया है, बल्कि वैश्विक नीतियों के केंद्र में भारत को एक प्रमुख शक्ति के तौर पर भी स्थापित किया है।

प्रधानमंत्री ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) का शुभारंभ किया। पीएम आवास योजना के तहत अतिरिक्त तीन करोड़ घरों के निर्माण को मंजूरी दी है। हरित ऊर्जा के लिए नीतियां बनीं। पीएम ई-बस सेवा शुरू हुई और किसानों के लिए एमएसपी बढ़ाने के साथ-साथ कई काम किए गए।

सरकार ने बुनियादी संरचना पर फोकस रखते हुए 3 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसमें वधावन का मेगा बंदरगाह भी शामिल है, जो दुनिया के टॉप 10 बंदरगाहों में से एक होगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में 62,500 किलोमीटर सड़क निर्माण को मंजूरी दी गई, जिससे लगभग 25 हजार गांवों को फायदा होगा। इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने से रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि होगी। आठ नेशनल हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर, आठ नई रेलवे लाइन और 12 नई औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाने की योजना मंजूर की गई। बीते 100 दिनों में 15 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई है। कई हवाई अड्डों के विकास के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और लद्दाख को जोड़ने वाली शिनखुन ला सुरंग जैसी कई योजनाओं पर काम शुरू हुआ। इन परियोजनाओं का उद्देश्य देश में कनेक्टिविटी को बढ़ाना, आर्थिक विकास को तेज करना, रोजगार के अवसर उत्पन्न करना और जीवन को सरल बनाना है।

वह हमेशा कृषि एवं किसान कल्याण के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करके की। अब तक कुल 12 करोड़ 33 लाख किसानों के बीच 3 लाख करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने सत्ता संभालते ही दूसरा सबसे बड़ा फैसला एमएसपी को लेकर किया। वर्ष 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की गई, जिससे किसानों को लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। आंध्र प्रदेश में पोलावरम सिंचाई परियोजना और कृषि क्षेत्र में दक्षता व उत्पादकता बढ़ाने के लिए डिजिटल कृषि मिशन सहित सात प्रमुख योजनाओं को भी मंजूरी दी गई। मौसम और जलवायु के अनुकूल भारत बनाने के लिए मिशन मौसम को शुरू किया गया, तो कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप के लिए एग्रीश्योर नाम से नया फंड शुरू किया गया है।

मोदी सरकार 3.0 ने प्याज और बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाने और प्याज पर निर्यात शुल्क 40 फीसदी से घटाकर 20 फीसदी करने का फैसला किया, जिससे किसानों को फायदा होगा। जम्मू-कश्मीर में 3,300 करोड़ रुपये की कई कृषि योजनाएं और विकास परियोजनाएं शुरू की गई। सहकारी चीनी मिलों की इथेनॉल उत्पादन इकाइयों को मल्टी-फीड सुविधा में बदला जाएगा। नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और उत्तराखंड ऑर्गेनिक कमोडिटी बोर्ड के बीच जैविक उत्पाद खरीदने को लेकर समझौता हुआ है, जिसके तहत मुनाफे का उचित हिस्सा सीधे किसानों के खातों में जमा किया जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना गेमचेंजर साबित हो रही है। नई राष्ट्रीय सहकारी नीति पर भी काम चल रहा है। इस साल जून में वाराणसी की अपनी पहली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि में उनकी भूमिका के लिए स्वयं सहायता समूहों की 30,000 कृषि सखियों को भी सम्मानित किया था। मोदी सरकार 3.0 के पहले 100 दिन में 113 नए मेडिकल कॉलेज खोलने की मंजूरी दी गई है। इससे देश में डॉक्टरों की कमी दूर होगी।

# 'एक देश एक चुनाव' अमृतकाल की अमृत उपलब्धि बने

**(ललित गर्ग)**

निश्चिय ही 'एक देश एक चुनाव' की योजना को लागू करना राजग के लिये बड़ी चुनौती होगी क्योंकि इस बार विपक्ष पहले के मुकाबले मजबूत भी है और एकजुट भी है। इसमें दो राय नहीं कि यह बात तार्किक है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रयास शासन में सुनिश्चितता लाएगा।

नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी ने 'एक देश एक चुनाव' के अपने चुनौतीपूर्ण संकल्प को लागू करने की बात कहकर राजनीतिक चर्चा को गरमा दिया है। भारत के लोकतंत्र की मजबूती एवं चुनावी प्रक्रिया को अधिक प्रासंगिक एवं कम खर्चीला बनाने के लिये 'एक देश एक चुनाव' पर चर्चा होती रही है। इसको लेकर भाजपा जिस तरह बेझिझक होकर तेजी से आगे बढ़ रही है, उससे अंदाजा लगाया जा रहा कि केंद्र को सहयोगी दलों का पूरा समर्थन मिल रहा। दो बड़े दलों में से एक जेडीयू ने मोदी के 'एक देश एक चुनाव' वाले इरादे पर सहमति जता दी है। कहा गया कि राजग सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल के भीतर इस महत्वपूर्ण चुनाव सुधार को लागू कराने को लेकर आशावादी है और उसके इस आशावाद में देश को एक नई दिशा मिल सकेगी। भारत की वर्तमान चुनावी प्रणाली में निहित कई चुनौतियों का समाधान करने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा एक संभावित समाधान के रूप में उभरी है। शासन के सभी स्तरों- पंचायत, नगरपालिका, राज्य और राष्ट्रीय- में एक साथ चुनाव कराने से लागत (खर्च)- प्रभावशीलता और प्रशासनिक दक्षता से लेकर बेहतर शासन और नीति निरंतरता तक कई लाभ मिल सकते हैं। यह नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को आकार देने का मुख्य आधार बन सकता है एवं आजादी के अमृतकाल की एक अमृत उपलब्धि बनकर सामने आ सकता है।

भले ही स्पष्ट बहुमत के अभाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग की तीसरी पारी में बदलावकारी फैसले लेना उतना सहज नहीं रह गया है, जितना पहली-दूसरी पारी में नजर आता था। लेकिन भाजपा की सरकार इतनी भी कमजोर नहीं है कि अपने चुनावी वायदों एवं विकासमूलक कार्ययोजनाओं को लागू न कर सके। नरेन्द्र मोदी जैसा साहसी एवं करिश्माई नेतृत्व है तो उसके द्वारा देशहित की योजनाओं में आने वाले अवरोध वह दूर कर ही लेंगे। एक दशक की विकासमूलक कार्यशैली के बाद अब भी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर अपनी योजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने में जुटी है। भले ही भाजपा-सरकार कई मुद्दों पर यू टर्न लेते हुए भी नजर आई। बहरहाल, लोकसभा में पहले के मुकाबले कमजोर स्थिति होने के बावजूद खुद को साहसिक निर्णय लेने वाली पार्टी के रूप में एक बार फिर अपने एक मुख्य एजेंडे 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को आकार देने के लिये तत्पर हो गयी है। इसके लिए सरकार ने पक्ष-विपक्ष के सभी नेताओं से एक साथ आने का अनुरोध किया था। निस्संदेह, एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिये भाजपा द्वारा नई पहल किए जाने के निहितार्थ राजनीति से ज्यादा राष्ट्रहित में है।

निश्चिय ही 'एक देश एक चुनाव' की योजना को लागू करना राजग के लिये बड़ी चुनौती होगी क्योंकि इस बार विपक्ष पहले के मुकाबले मजबूत भी है और एकजुट भी है। इसमें दो राय नहीं कि यह बात तार्किक है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रयास शासन में सुनिश्चितता लाएगा। वहीं बार-बार के चुनाव खर्चीले होते हैं। दूसरे राज्य-दर-राज्य लंबी आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। साथ ही साथ शासन-प्रशासन व सुरक्षा बलों की ऊर्जा के क्षय के अलावा जनशक्ति का अनावश्यक व्यय होता है। विगत लोकसभा चुनावों में कुल सरकारी खर्च 6600 करोड़ रुपये आया था जो भारत जैसे विविधतापूर्ण विशाल देश को देखते हुए भले ही जायज कहा जाये, लेकिन बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले ऐसे भारी-भरकम खर्चे देश की अर्थ-व्यवस्था पर बोझ तो डालते ही है। भारत में भ्रष्टाचार की जड़ भी महंगी होती चुनाव व्यवस्था है क्योंकि जब करोड़ों रुपये खर्च करके कोई विधानसभा या लोकसभा का प्रत्याशी जनप्रतिनिधि बनेगा तो वह विजयी होने के बाद सबसे पहले अपने भारी खर्च की भरपाई करने की कोशिश करेगा। अतः असल में बात सम्पूर्ण चुनावी व्यवस्था के सुधार की होनी चाहिए। मगर इसकी बात करने पर सभी राजनैतिक दलों में एक सन्नाटा पसर जाता है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष को अपने राजनीतिक हितों की बजाय देशहित को सामने रखकर इस मुद्दे पर आम सहमति बनानी चाहिए। पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव के लिये एक साथ चुनावी मशीनरी तथा सुरक्षा बलों की उपलब्धता के यक्ष प्रश्न को भी सामने रखकर इस पर सकारात्मक रूख अपनाना चाहिए और इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आम सहमति बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत हमेशा से राजनीतिक विचारधाराओं, विविध संस्कृतियों और विशाल आबादी का मिश्रण रहा है। हर गुजरते चुनाव चक्र के साथ, राष्ट्र लोकतांत्रिक उत्साह का महाकुंभ देखता है, जहाँ लाखों लोग अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करते हैं और अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं। हालाँकि, इस जीवंत लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बीच, विभिन्न स्तरों-स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय-पर चुनावों के समन्वय को लेकर बहस ने हाल के वर्षों में काफी जोर पकड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने एक दशक के शासन एवं पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किए गए अपने संबोधन में 'एक देश, एक चुनाव' की जोरदार वकालत की थी और कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने राजनीतिक दलों से लाल किले से और राष्ट्रीय तिरंगे को साक्षी मानकर राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा जारी चुनाव घोषणापत्र में उसने 'एक देश, एक चुनाव' को प्रमुख वादों के रूप में शामिल किया था।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। समिति ने राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के साथ परामर्श किया और संभावित अनुशंसाओं के साथ आम लोगो एवं न्यायविदों के विचार आमंत्रित किये। समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की भी सिफारिश की। इसके अलावा, विधि आयोग भी 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश कर सकता है। असल में बात सम्पूर्ण चुनावी व्यवस्था के सुधार की होनी चाहिए। मगर इसकी बात करते हुए सभी राजनैतिक दलों के सामने निजी हित एवं चुनाव जीतने का गणित सामने आ जाता है। भारत की असली विडम्बना यही है। जब भी सरकारी खर्चे से चुनाव कराने की बात होती है तो इस राह को अव्यावहारिक बता दिया जाता है। जबकि जर्मनी जैसे लोकतन्त्र में यह प्रणाली सफलतापूर्वक काम कर रही है। दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानमंडलों के चुनाव एक साथ प्रत्येक पाँच वर्ष पर आयोजित किये जाते हैं, जबकि नगर निकाय चुनाव प्रत्येक दो वर्ष पर आयोजित किये जाते हैं। स्वीडन में राष्ट्रीय विधानमंडल, प्रांतीय विधानमंडल/काउंटी कौंसिल और स्थानीय निकायों/नगर निकाय सभाओं के चुनाव एक निश्चित तिथि, यानी हर चौथे वर्ष सितंबर के दूसरे रविवार को आयोजित किये जाते हैं। ब्रिटेन में ब्रिटिश संसद और उसके कार्यकाल को स्थिरता एवं पूर्वानुमेयता की भावना प्रदान करने के लिये निश्चित अवधि संसद अधिनियम, 2011 पारित किया गया था। इसमें प्रावधान किया गया कि प्रथम चुनाव 7 मई 2015 को और उसके बाद हर पाँचवें वर्ष मई माह के पहले गुरुवार को आयोजित किया जाएगा।

जब दुनिया के अनेक देशों में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की परम्परा सफलतापूर्वक संचालित हो रही है तो भारत में इसे लागू करने में इतने किन्तु-परन्तु क्यों है? देश में इसे लागू करने से सरकार कुछ-कुछ समय बाद चुनावी मोड में रहने के बजाय शासन यानी विकास योजना पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकती है।

# एफजेसीसीआई के सत्र 2024-25 का चुनाव 22 को

## 3909 सदस्य करेंगे मतदान




**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2024-25 का चुनाव रविवार, (22 सितंबर) को गुरूनानक स्कूल के हॉल में होगा। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। 5 बजे तक कतार में खड़े होनेवाले मतदाता मतदान दे सकेंगे। इस बार कुल 3909 मतदाता चैंबर के चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे। मतदाता सूची के अनुसार कुल 83 सम्बद्ध संस्थाएं हैं। सम्बद्ध संस्थाओं को दो वोट देने का अधिकार है। अन्य सभी मतदाताओं को एक वोट देने का अधिकार है। कार्यकारिणी समिति के लिए चुनाव में कुल 35 उम्मीदवार हैं। प्रत्येक मतदाता को 21 उम्मीदवार का चयन करना है। कार्यकारिणी समिति के साथ ही पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव भी रविवार को ही मतदान स्थल पर होगा।

चुनावी प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया और अंचल किंगर ने संयुक्त रूप से बताया कि आमसभा (21 सितंबर) से 30 दिन पूर्व बने लाइफ, कॉरपोरेट लाइफ और पैट्रोन सदस्य तथा 90 दिन पूर्व बने जेनरल एफिलियेटेड, कॉरपोरेट जेनरल कैटगरी के सदस्य ही मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। मतदान से पूर्व कॉरपोरेट जेनरल, जेनरल और एफिलियेटेड बॉडी के सदस्यों का किसी प्रकार का बकाया नहीं होना चाहिए। पूर्व की भांति इस चुनाव में में सीए और सीएस एसोसियेशन का सहयोग रहेगा।

चैंबर भवन में आहूत प्रेस वार्ता में चुनाव पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि शनिवार 21 सितंबर को चैंबर भवन में आयोजित चेंबर की 60वीं वार्षिक आमसभा में बतौर मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री श्री संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी उपस्थिति रहेंगी। मतदान के उपरांत देर रात्रि तक मतगणना और रिजल्ट की घोषणा रविवार को ही की जायेगी। मतगणना के रिजल्ट से असंतुष्ट प्रत्याशी पुर्नमतगणना शुल्क के साथ 23 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक पुर्नमतगणना की अपील कर सकते हैं।मतदान स्थल पर स्टॉलधारियों का आभार व्यक्त करते हुए चुनाव पदाधिकारी अंचल किंगर ने सभी स्टॉलधारियों से आग्रह किया कि स्टॉलधारी अपने स्टॉल पर किसी भी प्रत्याशी के लिए प्रचार सामग्री का वितरण ना करें। अपने स्टॉल पर केवल अपनी संस्था का बैनर ही लगायें। मतदान स्थल पर झारखण्ड थोक वस्त्र विक्रेता संघ, झारखण्ड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसियेशन, रोटरी क्लब, शैलबी डिवाइन हॉस्पिटल और झारखण्ड इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसियेशन द्वारा स्टॉल लगाया जायेगा। चुनाव पदाधिकारियों ने चुनाव को संपन्न कराने में सहयोग के लिए मैथन सेरामिक और प्रेमसंस मोटर के प्रति भी आभार जताया। उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान स्थल गुरूनानक स्कूल परिसर को साफ सुथरा बनाये रखने में सहयोग तथा किसी भी तरह के मादक पदार्थ का उपयोग नहीं करने की अपील की।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि वार्षिक आमसभा हमारी गतिविधियों का केंद्रबिंदु है जहां हमें राज्य के प्रायः सभी जिलों के व्यापारी, उद्यमी एवं प्रोफेशनल्स के अलावा विषिष्टजनों की उपस्थिति का अवसर मिलता है। चैंबर भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित आमसभा दो सत्रों में होगी। पहले सत्र में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का संबोधन और दूसरे सत्र में चेंबर की वार्षिक गतिविधियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जायेगा। प्रेस वार्ता में चुनाव पदाधिकारियों के अलावा चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, सदस्य राजीव सहाय उपस्थित थे।

## सीसीएल में प्रशिक्षुओं के लिए इंटरैक्टिव सत्र आयोजित



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** सीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षुओं के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। संयुक्त सचिव, एमएसडीई, शैल माल्गे इस अवसर पर उपस्थित थे। उनके साथ योगेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक, एमएसडीई, नई दिल्ली भी थे।

पीके मडावी, उप निदेशक, एसडीई भी इंटरैक्टिव सत्र के दौरान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उप निदेशक मनीष रंजन, प्रबंधक (ईएंडएम), एचआरडी ने किया। जिन्होंने सीसीएल में प्रशिक्षुता योजना के कार्यान्वयन पर प्रस्तुति दी। आरके पांडेय, महाप्रबंधक (एचआरडी) ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागी प्रशिक्षुओं का स्वागत किया। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की, प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की और उन्हें अपने संबोधन से उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

गणमान्य व्यक्तियों ने तीस निवर्तमान प्रशिक्षुओं को पूरा होने का प्रमाण पत्र वितरित किया। विकास सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक, मानव संसाधन विकास ने धन्यवाद ज्ञापक किया। सत्र में सीसीएल के साठ प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

## स्पेल बी के 14वें संस्करण के साथ लौटे एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस व मिर्ची

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने मिर्ची के साथ साझेदारी में एसबीआई लाइफ स्पेल बी 2024 के 14वें संस्करण 'बी स्पेलबाउंड' के शुभारंभ की घोषणा की है। स्पेल बी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसने पिछले वर्षों में देश के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के शानदार अवसर प्रदान किए हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए स्पेल बी इस साल भी एक व्यापक विजन और स्पेलिंग कौशल की परीक्षा से कहीं आगे बढ़ने के वादे के साथ वापस आ गया है।

SBI Life Spell bee SPELLMASTERS OF INDIA In association with MIRCHI

प्रतियोगिता का 14वां संस्करण 30 शहरों और 500 से अधिक स्कूलों में होगा, जिसमें 3 लाख से अधिक छात्र भाग लेंगे। भारत भर के शीर्ष 50 छात्र राष्ट्रीय समापन समारोह के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। अंतिम विजेता को 'स्पेलमास्टर ऑफ इंडिया 2024' का ताज पहनाया जाएगा। प्रतिष्ठित खिताब के अलावा विजेता को 1 लाख रुपये का भव्य पुरस्कार और डिज्नीलैंड, हांगकांग की यात्रा का अवसर भी मिलेगा।

इस वर्ष की थीम, 'बी स्पेलबाउंड!' सिर्फ एक कैचफ्रेज़ नहीं है, बल्कि यह प्लेटफ़ॉर्म के गहरे मिशन को दर्शाता है। हालांकि स्पेल बी 2024 अभी भी सर्वश्रेष्ठ स्पेलर खोजने पर केंद्रित है, यह अब फ्यूचर लीडर्स को आगे बढ़ाने के लक्ष्य पर अधिक फोकस करता है।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस चीफ ऑफ ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर रवींद्र शर्मा ने कहा, 'एसबीआई लाइफ में हम हमेशा ऐसे अवसर बनाने का प्रयास करते हैं जो व्यक्तियों को उनकी वास्तविक क्षमता को उजागर करने में सक्षम बनाते हैं। स्पेल बी के साथ सहयोग करने से हमें इस दृष्टिकोण को देश भर में प्रतिभाशाली युवाओं तक तक पहुंचाने का मौका मिला है।

## सारठ विधानसभा सीट राजद या कांग्रेस के खाते में जा सकता है - सूत्र

### विधायक रणधीर कुमार सिंह के लिए पैदा हो सकती है मुश्किलें




**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,सारठ।** झारखंड विधानसभा चुनाव सामने है। चुनाव की चर्चाएं काफी तेजी से बढ़ी हुई है। वैसे तो झारखण्ड प्रदेश के 81 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारी को लेकर सभी पार्टियों द्वारा तैयारी लगभग की जा चुकी है।वही सारठ विधानसभा झारखंड का हॉट सीट माना जाता है।जहां पर नजर पूरे झारखंड के जनता की होती है।गौरतलब है कि इण्डिया गठबंधन में सारठ विधानसभा सीट झामुमो के पास है और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा से पूर्व विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ़ चुन्ना सिंह,पूर्व स्पीकर शशांक शेखर भोक्ता,झामुमो नेता परिमल कुमार सिंह प्रत्याशी के लिए अपनी अपनी दावेदारी पेश कर रहे है।ऐसे में झारखंड मुक्ति मोर्चा में दावेदारों की संख्या ज्यादा है।सूत्रों की हवाले से खबर है कि इण्डिया गठबंधन में सारठ विधानसभा सीट राष्ट्रीय जनता दल या कांग्रेस को मिल सकता है।यदि सीट राजद के खाते में जाएगा तो भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकती है।सारठ विधानसभा क्षेत्र में पिछड़ी जाति का वोट निर्णायक होता है और राष्ट्रीय जनता दल ही भाजपा के वोट में सेंधमारी करने में सफल हो सकता है।वही वर्ष 2005 के विधानसभा चुनाव में सारठ विधानसभा से राष्ट्रीय जनता दल पार्टी जीत दर्ज कर चुका हैं। हालांकि दो टर्म से सीट पर कब्जा जमाए बैठे वर्तमान विधायक रणधीर कुमार सिंह को हराना विपक्षियों के लिए कड़ी चुनौती साबित हो सकती है।

**2005 में राजद से चुन्ना सिंह बन चुके है विधायक :** वर्ष 2005 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल ने उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह को उम्मीदवार बनाया था।जहां पूर्व विधायक चुन्ना सिंह ने 66635 वोट पाकर विजयी हुए थे और 14906 मतों के अंतर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी शशांक शेखर भोक्ता को हराया था।वही वर्ष 2009 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक चुन्ना सिंह को जेएमएम के प्रत्याशी रहे पूर्व स्पीकर शशांक शेखर भोक्ता ने 9420 मतों के अंतर से हराया था।

## हेमंत सोरेन की सरकार ने वकीलों के हित मे जो निर्णय लिया है वो स्वागत योग्य है : हृदयानंद मिश्रा

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता,मेदिनीनगर(पलामू)।** वरिष्ठ अधिवक्ता तथा वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार के प्रमुख घटक दल कौंग्रेस हिन्दू न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्रा ने वकीलों के हित में किए गए पेन्शन तथा बीमा के निर्णय पर काफी प्रसन्नता व्यक्त की है। एक समय था, जिस वकील की वकालत नहीं चलती थी उसके निधन पर कफन के लाले पड़ते थे। राज्य सरकार के ताजा निर्णय से 65 साल के बाद बार एसोसिएशन से अवकाश ग्रहण करने पर प्रतिमाह 14000 की पेंशन फिक्स की है ।वही युवा अधिवक्ताओ को भी प्रोत्साहन राशि 1000 से बढा कर 5000करने का निर्णय लिया है जो स्वागत योग्य है।अलग राज्य होने के बाद किसी सरकार ने वकीलों की स्थिति पर गौर नहीं किया था लेकिन झारखंड की इंडिया गठबंधन की हेमंत सोरेन की सरकार वकीलों के दुखते रग पर हाथ रख दिया है। वकालत पेशा के प्रति भी अब युवाओ मे आकर्षण बढेगा। इस पेशे में लोग आना नहीं चाहते थे। लेकिन सरकार के इस निर्णय से वकालत के पेशे के प्रति युवाओं में सरकार के इस फैसले से रूझान बढेगी।हेमंत सोरेन की वर्तमान सरकार सफलतापूर्वक गैर भाजपा सरकार अपना कार्यकाल पूरा किया है और आने वाले विधान सभा चुनाव 24 मे इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनना तय है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना द्वारा गर्भवती माताओं के पोषाहार में ठगी




**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

**पालोजोरी (देवघर)।** प्रखंड क्षेत्र मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार झारखंड सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है।जिसका उद्देश्य नागरिकों को योजनाओं और सेवाओं तक सीधी पहुंच प्रदान करना है लेकिन अधिकारियों और कर्मियों के संवेदनहीनता की वजह से लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ पर डाका डाला जा रहा है। ताजा मामला पालोजोरी प्रखंड क्षेत्र के शिमलगढा पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर में देखने को मिला जहां गर्भवती माताओं के गोद भराई में दिए जाने वाले उपहार पर आंगनबाड़ी के कर्मियों द्वारा सीधा सीधा डाका डालने हुए पोषाहार में ठगी का मामला सामने आया है।आंगनबाड़ी जननी सुरक्षा योजना में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार मिले इसके लिए गर्भवती महिलाओ को गोदभराई में फल सहित अन्य उपहार दिया जाता है। झारखंड सरकार द्वारा शिविरों का आयोजन पंचायत स्तर पर किया जाता है। जहां लाभुकों को सीधे लाभ मिले ओर अधिकारियों से मिल कर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं

ओर आवेदन कर सकते हैं। यहां अधिकारी के समकक्ष गर्भवती महिलाओ को दो चार फल टोकरी में उपहार देकर सम्मानित कर रहे हैं। सिमलगढा पंचायत में 6 गर्भवती महिलाओं को गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। जिसमें महिलाओं को उपहार के रूप में मात्र तीन केले दो सेव और एक नारियल दिया गया। जानकारी के अनुसार महिलाओं को फल के साथ-साथ अन्य का उपहार और दिए जाने हैं लेकिन यहां केवल कोरम पुरा किया जा रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अधिकारी को सरकारी योजनाओं की जानकारी को नागरिक तक पहुंचाना ओर उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यहां सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में गर्भवती महिलाएं को फल उपहार में ठगी महसूस कर रहीं हैं।

मामले की जानकारी जब पालोजोरी के अंचलाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शिशुपाल आर्य से इस बाबत पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अगर यह मामला है तो यह बहुत ही गंभीर विषय है। गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले पोषाहार में अगर कोई भी कर्मचारी की मिलीभगत मिलती है तो उसे पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## टैली सोल्युशन्स ने किया टैलीप्राइम लॉन्च




**रांची।** भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़- तेज़ी से विकसित होते एमएसएमई सेक्टर को मजबूत बनाने के दृष्टिकोण के साथ टैली सोल्युशन्स ने कनेक्टेड सर्विसेज को बेहतर बनाते हुए नए टैलीप्राइम 5.0 का लॉन्च किया। बिज़नेस मैनेजमेन्ट सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने वाली जानी-मानी टेक्नोलॉजी कंपनी टैली ने एपीआई-संचालित टैक्स फाइलिंग के साथ अपनी कनेक्टेड सर्विसेज़ को नया आयाम दिया है। देश-विदेश में मिड-मास सेगमेन्ट के बिज़नेस के संचालन को सुगम बनाने के प्रयास में यह लॉन्च किया गया है। कनेक्टेड जीएसटी' से युक्त नया वर्ज़न सभी ऑनलाईन जीएसटी ऑपरेशन्स के लिए कंसोलिडेट इंटरफेस की तरह काम करेगा, जिसके लिए जीएसटी पोर्टल पर जाने की ज़रूरत नहीं होगी। यह लॉन्च टैली के कनेक्टेड अनुभव को और भी मजबूत बनाएगा, जिसमें ई-इनवॉयसिंग, ई-वे बिल जनरेशन और व्हॉट्सऐप इंटीग्रेशन आदि शामिल हैं। इसके अलावा मिडल ईस्ट और बांग्लादेश में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए टैलीप्राइम 5.0 में अडवान्स्ड मल्टी-लिंगुअल क्षमता को भी शामिल किया गया है, जो फ़ोनेटिक सपोर्ट के साथ अरबी और बंगाली भाषाओं का इंटरफेस भी प्रदान करेगा।

## चेंबर चुनाव:टीम परेश गट्टानी ने किया अपर बाजार का दौरा



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता , रांची।** परेश गट्टानी टीम के सदस्यों ने अपर बाजार, श्रद्धानंद रोड, महावीर चौक, मैकी रोड ,कपड़ा पट्टी का भ्रमण कर चेंबर के सदस्यों से मुलाकात की।

इसी क्रम में सदस्य महावीर चौक स्थित सुशीला मार्केट भी गए। जहां उन्होंने प्रमोद सारस्वत सहित चैंबर सदस्यों से रविवार को होने वाले चेंबर चुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर वोट देने का आग्रह किया।

उन्होंने अपनी पूरी टीम को चेंबर चुनाव में लाने का और पूर्ण समर्थन देने का भी आग्रह किया ।

इस अवसर पर परेश गट्टानी टीम के संग परेश गट्टानी, प्रवीण लोहिया, आदित्य मल्होत्रा ,संजय अखोरी, रोहित पोद्दार ,अमित शर्मा, सुनील सरावगी, शैलेश अग्रवाल, विकास विजयवर्गीय ,साहित्य पवन, राम बांगड़ ,विमल फोगला, रोहित साबू, ज्योति कुमारी सहित सभी प्रत्याशी मौजूद थे।

## वक्फ संशोधन बिल को लेकर एसडीपीआई ने दिया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता, पाकुड़।** केंद्र सरकार द्वारा लाई गई वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में एसडीपीआई पार्टी ने पुराना सदर अस्पताल के निकट एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। पार्टी के प्रदेश महासचिव सह जिला परिषद सदस्य मोहम्मद हंजेला शेख ने धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि यह संशोधन बिल मुस्लिम अल्पसंख्यक के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप है जो असंवैधानिक है। मुसलमानों की धार्मिक मामलों में यह पार्टी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगी अगर इस बिल को वापस नहीं लिया गया तो एसडीपीआई पार्टी बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगी। इस दौरान हंजेला शेख ने देश के आम नागरिकों से अपील किया कि इस बिल का पुरजोर विरोध करें और लोगों को बिल के खिलाफ जागरूकता पैदा करे। धरना प्रदर्शन में उपस्थित प्रदेश संगठन महासचिव हबीबुर रहमान ने कहा कि भाजपा हुकूमत जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का नारा लगाती है वह आज देश की सबसे बड़ी अल्पसंख्यक समुदाय मुसलमानों की वक्फ संपत्ति को छीनना चाहती है और यह पार्टी मुसलमानों का हक को छीनने नहीं देगी। इस धरना प्रदर्शन के दौरान लोगों ने वक्फ संशोधन बिल वापस करो, वक्फ संपत्ति पर छेड़छाड़ मत करो के नारे लगाए। मौके पर एसडीपीआई के जिला अध्यक्ष अमीर हमजा, अधिवक्ता हक साहब सहित जिला समिति के विभिन्न पदाधिकारी तथा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## राजहरा सीसीएल स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय मे चिकित्सा शिविर का आयोजन

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

**मेदिनीनगर (पलामू )।** राजकीय कन्या मध्य विद्यालय सीसीएल रजहारा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सीसीएल डॉक्टर सच्चिदानंद के द्वारा स्कूल की बच्चियों तथा ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर रोगों के निदान हेतु उपयुक्त दवाइयां उपलब्ध कराई गई । यह शिविर राष्ट्रीय सतर्कता एवं जागरूकता के तहत सीसीएल के पोषण क्षेत्र में आयोजित हुई ।शिविर में स्कूली छात्राओं तथा ग्रामीणों ने बड़े पैमाने पर भाग लेकर चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया ।इस अवसर पर कल 81 ग्रामीण मरीज एवं स्कूली छात्र-छात्राएं अपना इलाज कराकर मुफ्त दवा प्राप्त किया। आज के शिविर में मुख्य रूप से सर्दी खांसी एवं आंख, कान के मरीज ज्यादातर देखे गए ।शिविर में राजहरा कोलियरी के मैनेजर जुगल किशोर, असिस्टेंट मैनेजर डीके चौधरी, मोहम्मद मोबीन अहमद उपस्थित थे। दवा का वितरण सीसीएल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सच्चिदानंद एवं सीसीएल अस्पताल के ड्रेसर श्रीराम प्रजापति के द्वारा छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को निशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई।



## असम के मुखमंत्री हिमंता विस्वा शरमा पहुंचे साहिबगंज

### कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत,आज आएंगे गृह मंत्री अमित शाह



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,साहिबगंज।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा शरमा का गुरुवार को साहिबगंज आगमन पर भाजपा के वरीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। बता दें कि शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह का साहिबगंज जिले में आगमन होने जा रहा है। अमित शाह ÷झारखंड परिवर्तन यात्रा÷ का शुभारंभ करेंगे। इसी के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा शरमा यहां पहुंचे। मौके पर उन्होंने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। दोपहर बाद स्थानीय पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर जैसे ही उनका हेलीकॉप्टर लैंड किया, राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलङ्कमालाओं से लाद दिया।

मौके पर पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक अनंत कुमार ओझा, भूलन दूबे सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

## रेलवे टिकट जांच अभियान में 89 रेल यात्री से 33 हजार 840 रुपए जुर्माना वसूला गया



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

**मधुपुर।** रेलवे मजिस्ट्रेट जुलियन आनंद टोप्पो के नेतृत्व में गुरुवार को मधुपुर, जामताड़ा व जसीडीह स्टेशन में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया । उन्होंने धनबाद पटना इंटरसिटी, दिल्ली हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस, टाटा बक्सर सुपर एक्सप्रेस समेत कई ट्रेन वह स्टेशन पर टिकट जांच अभियान चलाया ।इस दौरान बिना टिकट यात्री के अलावे विभिन्न रेलवे एक्ट उल्लंघन सहित अन्य कई मामलों में कुल 89 लोगों को हिरासत में लिया । हिरासत में लिए गए रेल यात्रियों से 33 हजार 840 रुपए जुर्माना वसूला गया ।

जांच अभियान से बिना टिकट रेल यात्रियों में खलबली रही । टिकट चेकिंग अभियान में सीआईटी मधुपुर विजय कुल्लू , बसंत कुमार सिंहा जसीडीह पी कुमार, श्याम सुंदर पासवान, घनश्याम कुमार, मनोहर कुमार (,टीई) सुष्मिता बॉस टीटीआई एसके मंडल, मुकेश कुमार, एसआर रजक, विनीत कुमार,रेलवे सुरक्षा बल आसनसोल , जामताड़ा मधुपुर, बराकर,के अधिकारी और जवान जीआरपी समेत कोर्ट कर्मी मोहम्मद रमीज, प्रभास झा, उदय सिंहा, नुनु लाल हेंब्रम शामिल थे।

## चेंबर चुनाव- निर्गुट प्रत्याशी अमित अग्रवाल ने पंडरा बाजार का दौरा कर मांगा वोट

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर निर्गुट प्रत्याशी अमित अग्रवाल ने गुरुवार को पंडरा बाजार का दौरा कर अपने पक्ष में वोट देने की अपील की।अपने सहयोगी एवं समर्थक गोविंद प्रसाद अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल समेत अन्य लोगों के साथ उन्होंने पंडरा बाजार के व्यवसाईयों से संपर्क साधा और अपनी बातों को रखा।उन्होंने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि झारखंड में स्टार्टअप नीति को लागू करवाने पर काम करेंगे।इसके अलावा व्यापारियों के हित के लिए कई कदम भी उठाएंगे।पंडरा बाजार समेत राज्य की सभी कृषि मंडियों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का कार्य कराने का भरोसा दिलाया। वहीं, पंडरा बाजार के व्यापारियों ने चुनाव में अपना वोट देने के लिए आश्वस्त किया। इसके अलावा अमित अग्रवाल शहर के विभिन्न व्यावसायियों से फ़ोन कर के समर्थन मांग रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंगापुर में पुलिस अधिकारियों और चिकित्सक से अभद्रता के मामले में भारतीय मूल के व्यक्ति पर जुर्माना

**सिंगापुर, एजेंसी।** आपातकालीन विभाग से बाहर ले जाते समय भी वह सहायक पुलिस अधिकारी पर चिल्लाता रहा। अस्पताल के बाहर भी उसने पुलिस कर्मियों से कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सिंगापुर के एक अस्पताल में उपचाराधीन भारतीय मूल के व्यक्ति पर एक सुरक्षा अधिकारी, पुलिस अधिकारियों और उसका उपचार कर रहे चिकित्सक के साथ अभद्रता करने के आरोप में सात हजार सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' की खबर के अनुसार, मोहनराजन मोहन (30) ने बुधवार को उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम के तहत दो आरोपों में दोष स्वीकार कर लिया। राज्य अभियोजन अधिकारी ए. मजीद यूसुफ ने बताया कि 14 अप्रैल को मोहनराजन को बेहोशी की हालत में 'टैन टॉक सेंग' अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल के दुर्घटना एवं आपातकालीन विभाग में चिकित्सकों के जांच करते समय उसे होश आ गया। अभियोजक ने कहा कि मोहनराजन नशे में था। उसने अस्पताल से छुट्टी देने पर जोर दिया और चिकित्सक तथा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इस दौरान उसे शांत कराने पहुंचे एक सहायक पुलिस अधिकारी से भी मोहनराजन ने अभद्र का प्रयोग किया। आपातकालीन विभाग से बाहर ले जाते समय भी वह सहायक पुलिस अधिकारी पर चिल्लाता रहा। अस्पताल के बाहर भी उसने पुलिस कर्मियों से कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' की खबर के अनुसार, अपने बचाव में मोहनराजन ने कहा कि अपराध के समय वह तलाक की प्रक्रिया से गुजर रहे थे और तनावग्रस्त थे। उन्होंने कहा, ''मैंने जो किया उसके लिए मुझे बहुत पछतावा है और मैं इन अपराधों को दोहराना नहीं चाहता....।

### ईरान में 45 वर्षों में पहला सुन्नी गवर्नर नियुक्त, अराश को कुर्दिस्तान की जिम्मेदारी मिली

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने बुधवार को 45 वर्षों में पहले सुन्नी मुस्लिम अल्पसंख्यक के एक सदस्य को कुर्दिस्तान प्रांत का गवर्नर नामित किया। सरकारी प्रवक्ता फतेमेह मोहजेरानी ने कहा कि अराश जेरेहतन को पश्चिमी राज्य का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह 1979 की इस्लामी क्रांति के शुरुआती दिनों के बाद से मुख्य रूप से शिया बहुल देश में क्षेत्रीय गवर्नर बनाए जाने वाले पहले सुन्नी हैं। 48 वर्षीय अराश जेरेहतन ने 2020 और इस वर्ष के बीच पावेह शहर के लिए संसद सदस्य के रूप में कार्य किया। इससे पहले 69 वर्षीय राष्ट्रपति पेजेशकियन ने अगस्त में सुन्नी अल्पसंख्यक के एक अन्य सदस्य अब्दोलकरिम होसेनजादेह को अपना उपाध्यक्ष बनाया था। बता दें कि ईरान की आबादी में सुन्नियों की हिस्सेदारी लगभग 10 फीसदी है। क्रांति के बाद से वे बहुत कम ही सत्ता के प्रमुख पदों पर रहे हैं। ईरान में बहुसंख्यक शिया हैं और शिया इस्लाम आधिकारिक राज्य धर्म है।

### संवैधानिक संशोधनों का उद्देश्य तीन शीर्ष अधिकारियों को सेवा विस्तार देना : इमरान खान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को आरोप लगाया कि सरकार फरवरी में हुए आम चुनावों में धांधली की जांच पर पर्दा डालने के लिए तीन शीर्ष अधिकारियों की सेवा अवधि बढ़ाने के लिए संवैधानिक संशोधन पर काम कर रही है। खान, उच्चतम न्यायालय से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को जीत से वंचित करने के लिए चुनाव में हुई हेरफेर और नौ मई, 2023 को हुई हिंसा में उनकी पार्टी को फंसाने के लिए साजिश रचने के आरोपों की जांच की मांग कर रहे हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' समाचार पत्र की खबर के अनुसार, रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद खान ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि पिछले चुनावों में हार के बावजूद सरकार चुनाव परिणामों में हेरफेर पर अब अपने बचाव और सत्ता में बैठे अधिकारियों को बचाने के लिए इन संशोधनों का सहारा ले रही है। खान ने कहा, वे (सरकार) अपने तीन प्यादों के कार्यकाल को बढ़ाने के लिए संविधान में संशोधन कर रहे हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप को अब 100 से ज्यादा रिपब्लिकन ने ही बता दिया अयोग्य, कमला हैरिस को समर्थन




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अब 2 महीने से भी कम का समय बचा है। ऐसे में चुनावी दावेदारी पेश कर रहे डेमोक्रेट और रिपब्लिकन उम्मीदवार अब इस रेस को जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। इस बीच एक ऐसी खबर आई है जो पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नहीं भाएगी। खबरों के मुताबिक बुधवार को 100 से ज़्यादा रिपब्लिकन पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति अधिकारियों ने एक कॉमन चिट्ठी में राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस का समर्थन किया है। इस चिट्ठी में डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद के एक और कार्यकाल के लिए अयोग्य बताया है। इस चिट्ठी के जरिए रिपब्लिकन रोनाल्ड रीगन, जॉर्ज एच डब्ल्यू बुश, जॉर्ज डब्ल्यू बुश और डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति प्रशासन के पूर्व अधिकारियों ने भी ट्रंप को समर्थन ना देने की बात कही है। इसके साथ-साथ डेमोक्रेट बिल क्लिंटन और बराक ओबामा जैसे दिग्गजों ने भी नवंबर के चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैरिस को अपना समर्थन दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति को एक सिद्धांतवादी, गंभीर और शांत नेता होना चाहिए। इसमें आगे कहा गया, हम कई घरेलू और विदेश नीति के मुद्दों पर कमला हैरिस से असहमत हो सकते हैं लेकिन हमारा मानना है कि उनके पास राष्ट्रपति के रूप में सेवा देने के लिए जरूरी गुण हैं।

# कनाडा अब विदेशी छात्रों की संख्या में करेगा कटौती, भारतीयों पर होगा सीधा असर

**ओटावा, एजेंसी।**
देश में अस्थायी प्रवासियों को बढ़ती संख्या को देखते हुए राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही कनाडा सरकार ने बुधवार को बड़ी घोषणा की है। कनाडा ने कहा है कि वह 2025 में विदेशी छात्रों की संख्या में और कटौती करेगा। इसके बाद दूसरे देशों से यहां पढ़ने आने वालों की संख्या इस साल के मुकाबले 10 प्रतिशत कम हो जाएगी। एक प्रेस रिलीज में इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा ने कहा कि पढ़ने की परमिट जारी करने की सीमा इस साल के लिए 4,85,000 के लक्ष्य से कम होकर 4,37,000 होगी। 2025 के यह प्रतिबंध 2026 के लिए भी लागू होंगे। कनाडा की सरकार ने अस्थायी विदेशी मजदूरों और शरणार्थी सहित दूसरे श्रेणियों में भी प्रतिबंधों की घोषणा की है।




कनाडा में बढ़ती मंहगाई, घर की बढ़ती कीमतों और स्वास्थ्य और परिवहन जैसी बुनियादी जरूरतों पर दबाव के लिए बाहर से आए लोगों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इसके बाद यह नए प्रतिबंध लगाए गए हैं। कनाडा के इमिग्रेशन, रिफ्यूजी और सिटिजनशिप संबंधित मंत्री मार्क मिलर ने इन नियमों पर बात करते हुए कहा, सच ये है कि हर कोई जो कनाडा आना चाहता है जरूरी नहीं कि वह आ पाएगा, ठीक उसी तरह जैसे हर कोई जो कनाडा में रहना चाहता है वह नहीं रह सकता। हम अपने अस्थायी निवास योजना को मजबूत करने और आज के बदलते परिदृश्य की मांगों को पूरा करने के लिए यह कदम उठा रहे हैं।

**भारतीयों पर असर:** इस फैसले का असर भारतीयों पर सबसे ज्यादा पड़ने की उम्मीद है। छात्रों की बात करे तो भारत सरकार के आंकड़ों के मुताबिक 2022 में कनाडा में 1,83,310 भारतीय पढ़ रहे थे। साल 2022 में कनाडा में कुल 5 लाख अंतरराष्ट्रीय छात्र आए थे। इनमें से 2,26,450 छात्र भारत से थे यानी कुल अंतरराष्ट्रीय छात्रों में भारतीयों का हिस्सा लगभग 41 प्रतिशत था। साल 2023 में करीब 9 लाख अंतरराष्ट्रीय छात्र कनाडा में पढ़ाई कर रहे थे जिनमें से लगभग 40 फ़ीसदी भारतीय थे।

**कनाडा के लोग करेंगे समर्थन:** यह घोषणा कनाडाई उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए अच्छी खबर नहीं है। ग्लोबल न्यूज़ ने इस महीने की शुरुआत में बताया कि उद्योग समूह और यूनिवर्सिटीज़ कनाडा ने सितंबर में शुरू होने वाले नए सत्र के लिए देश में आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में 45 प्रतिशत की गिरावट की भविष्यवाणी की है। वहीं एजेंसी एंगस रीड इंस्टीट्यूट द्वारा हाल ही में किए गए सर्वे से यह बात सामने आई है कि सर्वे में शामिल लोगों में से लगभग आधे यानी 48 प्रतिशत लोगों का मानना है कि यह एक अच्छा कदम होगा अगर कनाडा प्रवासियों के लिए अपनी सीमाएं बंद कर दे।

**नतीजे इस साल के आखिर में हो जाएंगे साफ:** इन फैसलों का फिलहाल कोई असर नहीं दिख रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल जनवरी से जून के बीच जारी किए गए स्टडी परमिटों की संख्या 2023 के लिए 2,38,640 से बढ़कर 2,46,580 हो गई। भारत की बात करे तो यह संख्या छह महीने की अवधि के लिए 96,080 से बढ़कर 1,00,355 हो गई।

**भारत को झटका देगा रूस?**

## दिग्गज संगठन का हिस्सा बन सकता पाक, पुतिन के डिप्टी पीएम बोले- समर्थन करूंगा




**इस्लामाबाद , एजेंसी।** रूस ने बुधवार को कहा कि वह ब्रिक्स में शामिल होने के पाकिस्तान के प्रयास का समर्थन करेगा क्योंकि दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देकर अपने संबंधों को और मजबूत करने का फैसला किया है।

रूस के उप प्रधानमंत्री एलेक्सी ओवरचुक ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष और विदेश मंत्री इशाक डार के साथ बातचीत के बाद कहा कि हमें खुशी है कि पाकिस्तान ने सदस्यता के लिए आवेदन किया है। रूस के उप प्रधानमंत्री एलेक्सी ओवरचुक अपनी दो दिवसीय यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंचे हैं।

ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन मित्रवत संगठन हैं। हम इसका समर्थन करेंगे। रूस की सरकारी स्वामित्व वाली टास समाचार एजेंसी ने ओवरचुक के हवाले से कहा कि हमने ब्रिक्स का एक महत्वपूर्ण विस्तार देखा है और दुनिया भर के देश इसमें शामिल होने में बहुत रुचि दिखा रहे हैं।

ब्रिक्स की स्थापना 2006 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन द्वारा की गई थी और दक्षिण अफ्रीका 2011 में इसमें शामिल हुआ। 1 जनवरी, 2024 को मिस्र, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और इथियोपिया इसके पूर्ण सदस्य बन गए हैं। बता दें कि ब्रिक्स का नाम ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के नाम पर रखा गया है। मॉस्को ब्रिक्स में पाकिस्तान को शामिल करने का समर्थन करेगा। एलेक्सी ओवरचुक, रूस के उप प्रधानमंत्री। रूस में ब्रिक्स सम्मेलन से पहले यह बयान बेहद महत्वपूर्ण है। चीन लंबे समय से चाहता है कि पाकिस्तान इस संगठन का हिस्सा बने। मगर भारत का अभी तक इसमें कोई आधिकारिक रुख सामने नहीं आया है।

## ईरानी हैकरों ने ट्रंप के अभियान से चुराई जानकारी बाइडेन कैंपन से जोड़ने की कोशिश की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ईरानी हैकरों ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के अभियान को उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के अभियान से चुराई गई जानकारी से जोड़ने की कोशिश की और 2024 के चुनाव में हस्तक्षेप करने के प्रयास के तहत उन्होंने राष्ट्रपति से जुड़े लोगों को अनचाहे ईमेल भी भेजे। अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और अन्य संघीय एजेंसियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि मेल पाने वाले किसी भी व्यक्ति ने जवाब दिया, जिससे हैक की गई जानकारी को चुनाव के अंतिम महीनों में फैलने से रोका जा सका।

हैकरों ने जून के अंत और जुलाई की शुरुआत में बाइडेन के अभियान से जुड़े लोगों को ईमेल भेजे थे, लेकिन उसके कुछ ही समय बाद बाइडन ने राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस ले लिया। अमेरिकी सरकार के एक बयान के अनुसार, ईमेल में ''पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के अभियान से चुराई गई, गैर-सार्वजनिक सामग्री से लिया गया एक अंश शामिल था। इससे पहले भी एफबीआई और अन्य संघीय एजेंसियां ईरान पर ''हैक और लीक का सहारा लेकर 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का आरोप लगा चुकी हैं। एफबीआई, राष्ट्रीय खुफिया एवं साइबर सुरक्षा तथा अवसंरचना सुरक्षा एजेंसी कार्यालय ने कहा है कि ट्रंप के अभियान की जानकारी हैक करना और बाइडह्यन-हैरिस के अभियान में सेंध लगाने का प्रयास चुनाव में मतदाताओं के विश्वास को कम करने तथा विवाद भड़काने के प्रयास का हिस्सा है। ट्रंप के प्रचार अभियान दल ने 10 अगस्त को खुलासा किया था कि उसके अभियान की जानकारी को हैक कर लिया गया है। उसने कहा कि ईरानी हैकरों ने संवेदनशील गुप्त दस्तावेज चुरा लिए हैं तथा उन्हें वितरित किया है।



## अंतरिक्ष में क्या मिस कर रही हैं सुनीता विलियम्स? एस्ट्रोनॉट ने साझा किया अपना दर्द

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नासा एस्ट्रोनॉट्स सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में फंसे हैं। इस साल जून के पहले हफ्ते में बोइंग स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट सुनीता और बुच को अंतरिक्ष में ले गया था। स्पेस स्टेशन से सुनीता और विल्मोर लगातार अपने अनुभव शेयर कर रहे हैं। अंतरिक्ष में रह रहीं सुनीता ने बताया है कि वो अपने दो डॉग्स, दोस्तों और परिवारवालों को काफी याद कर रही हैं। सुनीता विलियम्स ने कहा, मैं धरती पर दौड़ती, चलती रहती हूं, दिमाग में हमेशा ही बहुत सी चीजें चल रही होती है। आप पृथ्वी पर ही रहना पसंद करते हैं। मुझे अपने डॉग्स को सुबह मॉर्निंग वॉक पर ले जाना, पक्षियों की चहचहाहट सुनना पसंद है। ये ऐसी चीजें हैं, जिसे मैं काफी चीजों को याद कर रही हूं। कुछ दिनों पहले सुनीता ने अंतरिक्ष से किए प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि मैं यहां फंसी और ऑर्बिट में कई महीने बिताना मुश्किल तो था, लेकिन मुझे स्पेस में रहना काफी पसंद है। बता दें कि फरवरी 2025 में दोनों फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों को वापस पृथ्वी पर लेकर आएगा। वहीं, 5 नवंबर को अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होना है।

## हमास के युद्ध के बीच जर्मनी ने इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोकी, रिपोर्ट्स में दावा

**बर्लिन , एजेंसी।**
इस्राइल इन दिनों अपने इतिहास के सबसे बड़े संघर्षों में से एक में उलझा हुआ है और ऐसे वक्त में जर्मनी ने इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोकने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में जर्मनी के अर्थव्यवस्था मंत्रालय के हवाले से यह दावा किया गया है। बीते साल जर्मनी ने इस्राइल को करीब 36 करोड़ डॉलर के हथियार सप्लाई किए थे, यह साल 2022 की तुलना में 10 गुना ज्यादा थे। हालांकि इस साल जर्मनी से इस्राइल को हथियारों की सप्लाई में गिरावट आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जर्मनी ने इस साल इस्राइल को सिर्फ एक करोड़ साठ लाख डॉलर के ही हथियार भेजने की ही मंजूरी दी है। जर्मनी की संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में ये आंकड़े अर्थव्यवस्था मंत्रालय द्वारा दिए गए हैं। जर्मनी के अधिकारियों का कहना है कि इस्राइल के खिलाफ मानवाधिकार संबंधी कानूनी मामले चल रहे हैं। यही वजह है कि इन मानवाधिकार संबंधी कानूनों का उल्लंघन न हो, इसलिए जर्मनी ने इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोकने का फैसला किया है। हालांकि अभी तक जर्मनी की सरकार की तरफ से इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।



इस्राइल के खिलाफ गाजा में जारी नरसंहार के खिलाफ इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में चल रहा है। साथ ही इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोकने की मांग करते हुए एक केस यूरोपीयन सेंटर फॉर कॉन्स्टिट्यूशनल एंड ह्युमन राइट्स द्वारा बर्लिन में दर्ज कराया गया है। इन्हीं मामलों में जर्मनी सरकार ने इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोकने का फैसला किया है। इस्राइल के गाजा में हमले में 41 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही 23 लाख से ज्यादा की जनसंख्या को विस्थापन झेलना पड़ा है।

## तालिबान के राजदूत ने कर दिया पाकिस्तान के राष्ट्रगान का अपमान, भड़क गई शहबाज सरकार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत में एक बार फिर ठन गई है। मामला पाकिस्तान के पेशावर में एक कार्यक्रम से जुड़ा है। जब कार्यक्रम की शुरुआत में पाकिस्तान का राष्ट्रीय गान चलाया गया तो उपस्थित अपगान राजदूत अपनी कुर्सी पर ही बैठे थे। इस मामले को पाकिस्तान सरकार ने गंभीरता से लिया है। अफगान राजदूत की तालिबान से शिकायत की है। विदेश मंत्रालय ने मामले में अफगान के प्रभारी राजदूत को भी तलब किया। अफगान दूतावास की तरफ से अजीबो-गरीब दलील आई है।

पाकिस्तान के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि शहबाज शरीफ सरकार ने तालिबान से शिकायत की है कि देश के उत्तर-पश्चिम में एक कार्यक्रम के दौरान जब पाकिस्तानी राष्ट्रगान गाया गया तो एक अफगान राजनयिक खड़ा नहीं हुआ। विदेश मंत्रालय ने इस घटना पर विरोध जताते हुए अफगानिस्तान के प्रभारी राजदूत और इस्लामाबाद में अपने सबसे वरिष्ठ राजनयिक अहमद शाकिब को तलब किया।

पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, पेशावर में अफगान वाणिज्य दूत मोहिबुल्लाह शाकिर एक आधिकारिक समारोह के दौरान जब राष्ट्रगान गाया गया तो



वे अपनी सीट पर ही बैठे रहे। मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने कहा कि मेजबान देश के राष्ट्रगान का ऐसा अनादर कूटनीतिक मानदंडों के खिलाफ है।

**अफगान दूतावास की अजीबो-गरीब दलील:** पेशावर में अफ़गान वाणिज्य दूतावास ने इस मामले में बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि शाकिर इसलिए खड़े नहीं हुए क्योंकि राष्ट्रगान संगीत के साथ चल रहा था। अगर राष्ट्रगान बिना संगीत के गाया जाता तो शाकिर सम्मान में खड़े हो जाते। उन्होंने कहा कि शाकिर को यह जानकारी थी कि अगर राष्ट्रगान संगीत के साथ चले तो खड़े होने की जरूरत नहीं है, वरना वो राष्ट्रगान को सम्मान जरूर देते।

## श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एनपीपी नेता दिसानायके का बड़ा दावा

**कोलंबो, एजेंसी।**
श्रीलंका में अगले हफ्ते राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। इसी को लेकर सभी पार्टियों ने कमर कस ली है। इस बीच, नेशनल पीपल्स पावर (एनपीपी) गठबंधन की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार अनुरा कुमार दिसानायके ने आगामी चुनाव के लिए अपना अभियान पूरा कर लिया है। उन्होंने दावा किया है कि वह इस साल का चुनाव जीतने जा रहे हैं।

बता दें, श्रीलंका में राष्ट्रपति पद के लिए 21 सितंबर को मतदान होना है। ऐसे में 48 घंटे पहले यानी बुधवार को प्रचार अभियानों पर रोक लगा दी गई है। मतदान शनिवार को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक 13,400 से अधिक मतदान केंद्रों पर होगा। यहां 1.7 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं।

जनता विमुक्ति पेरामुना यानी जेवीपी के नेता दिसानायके ने कोलंबो के घनी आबादी वाले नुगेगोडा में अपनी अंतिम रैली की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी जीत सुनिश्चित है। हम 22 सितंबर की सुबह राष्ट्रपति पद पर जीत हासिल कर निश्चित रूप से सरकार बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि उनकी एनपीपी जीत के बाद संपूर्ण शासन और सामाजिक परिवर्तन लाएगी। उन्होंने यह भी कहा, हमारे पास तमिल और मुस्लिम अल्पसंख्यकों सहित सभी वर्गों के लोगों का अविश्वसनीय समर्थन है। हमारी सरकार एक सच्ची श्रीलंकाई सरकार होगी, जो कठिन संघर्षों के वर्षों के दौरान केवल एक सपना ही रह गई थी।

गौरतलब है, दिसानायके नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के प्रमुख हैं, जो



समान विचारधारा वाले समूहों का गठबंधन है। लेकिन वह मुख्य रूप से 2014 से जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता हैं, जो श्रीलंका का सबसे प्रभावशाली मार्क्सवादी संगठन है, जिसने 1971 और 1987-90 में राज्य की सत्ता पर कब्जा करने के लिए खूनी विद्रोह किए थे। उत्तर कोरिया ने 1971 के विद्रोह का सक्रिय रूप से समर्थन किया था, जिसे भारत सहित कई देशों की मदद से श्रीलंकाई सुरक्षा बलों ने कुचल दिया था, जिससे दोनों पक्षों में हजारों लोग मारे गए थे।

देश में शनिवार को होने वाले चुनाव से पहले जमकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। आज और कल चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं है। ऐसे में पहले ही प्रचार अभियान को पूरा कर लिया गया। श्रीलंका में एक नया राष्ट्रपति पांच साल के कार्यकाल के लिए चुना जाएगा, जो 73 वर्षों में आए सबसे खराब आर्थिक संकट के बाद पहला चुनाव होगा।

तीन प्रमुख उम्मीदवारों में से एक, वर्तमान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार को अपनी रैली के दौरान कहा कि आईएमएफ सुधार के तहत आर्थिक सुधार का वर्तमान कार्यक्रम देश को एक और दिवालियापन में जाने से बचाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। 75 साल के नेता ने कहा, मैं युवा पीढ़ी के लिए एक भविष्य बनाना चाहता हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि श्रीलंका कर्ज लेने और कर्ज में डूबने पर निर्भर नहीं रहे।

उन्होंने कहा कि दिसानायके और साजित प्रेमदासा की नीतियों से एक और आर्थिक मंदी आएगी। लोगों को आर्थिक सुधार को बनाए रखने के लिए बुद्धिमानी से मतदान करना चाहिए। वहीं, प्रेमदासा ने अपनी अंतिम रैली में कहा कि वह 20 लाख से अधिक मतों के बहुमत से जीतेंगे। वह आर्थिक समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करेंगे। साथ ही आर्थिक संकट से प्रभावित लोगों को रियायतें देंगे।

## पाकिस्तान ने फिर अलापा कश्मीर राग: हम अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस गठबंधन के साथ, रक्षा मंत्री का बेतुका बयान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उनका देश जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर कांग्रेस गठबंधन के रुख से सहमत है। हालांकि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र में जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की बात है, लेकिन अनुच्छेद 370 पर पार्टी ने चुप्पी साध रखी है। बुधवार को जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान हुआ। मतदान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जिससे पाकिस्तान का चिंतित होना स्वभाविक है।

पाकिस्तान के एक टीवी कार्यक्रम में वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ शामिल हुए। इस दौरान एंकर ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर सवाल किया और कहा कि जम्मू कश्मीर चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 और 35ए जब लागू किया गया था तो उस वक्त केंद्र में कांग्रेस क पंडित नेहरू और जम्मू कश्मीर में शेख अब्दुल्ला सत्ता में थे। अब एक बार फिर दोनों साथ आए हैं।

## जुबली अभिनेत्री



# वामिका ने नई शुरुआत के बारे में दिए संकेत

जुबली और खुफिया में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेत्री वामिका गब्बी ने एक दिलचस्प तस्वीर साझा की है, जिसने उनके प्रशंसकों को संदेह में डाल दिया। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वामिका के नाम से छपी एक काली नोटबुक का स्नैपशॉट शेयर किया, जिस पर मुकुट का प्रतीक बना हुआ था। वामिका की दिलचस्प पोस्ट उनके अगले रोमांचक प्रोजेक्ट की शुरुआत की ओर इशारा करती है, जो किसी आगामी ओटीटी शो, किसी अन्य फीचर फिल्म या कुछ अलग से भी संबंधित हो सकता है। बाद में, वामिका ने फिर से मोनोक्रोम इफेक्ट में एक स्नैपशॉट शेयर किया, लेकिन इस बार कुछ संकेतों के साथ उन्होंने प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट राजकुमारी कोको और फोरम गोटेचा का उल्लेख किया, जिनके साथ उन्होंने कई बार सहयोग किया है। वामिका ने 2013 में पंजाबी फिल्म तू मेरा 22 मैं तेरा 22 में गायक यो यो हनी सिंह और अमरिंदर गिल के साथ अभिनेत्री के रूप में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की थी। बाद में, अभिनेत्री को गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ के साथ इश्क ब्रांडी और इश्क हाजिर है नामक दो अन्य वीडियो में देखा गया।



# मेरा हसबैंड कोयले में हीरे की तरह है: सना खान

सना खान ने इंडस्ट्री छोड़ दी और अब अपने पुराने ग्लैमरस अवतार से उन्हें नफरत हो गई हैं। रुबीना दिलैक के शो में उन्होंने बताया कि कैसे छोटे कपड़े पहनने पर उन्हें गिल्ट होता है और इसे शैतान से तुलना की। उन्होंने अपने हसबैंड की तारीफ भी की और कहा कि वो कोयले में हीरे की तरह हैं।

सना खान ने कुछ साल पहले अचानक इंडस्ट्री छोड़ दी और फिल्मों और टीवी शो से संन्यास ले लिया। बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी जैसे कई सीरियलों में नजर आ चुकीं सना बॉम्बे टू गोवा, टॉयलेट एक प्रेम कथा जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। आज जब सना अल्लाह की राह पर चलते हुए ग्लैमर इंडस्ट्री से तौबा कर चुकी हैं तो अब जब वो पीछे मुड़कर देखती हैं तो उन्हें अपने उन कामों से नफरत होती है।

# सीरियल अनुपमा छोड़ सकती है मदालसा शर्मा



टीवी की पॉपुलर शो 'अनुपमा' में काफी कुछ ट्विस्ट देखने के लिए मिलने वाला है। ऐसे में चर्चा जोरों पर रही है कि एक्ट्रेस मदालसा शर्मा ने सीरियल को छोड़ दिया है। इसके पीछे की वजह को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि शो की 'अनुपमा' यानी कि रूपाली गांगुली के साथ विवादों के चलते उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया है। उनके कुछ दिनों पहले ही सीरियल में वनराज शाह का किरदार निभाने वाले सुधांशु पांडे ने इसे छोड़ दिया था। ऐसे में अब इन चर्चाओं के बीच एक्ट्रेस मदालसा शर्मा ने विवादों और शो छोड़ने का सच बताया है। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। दरअसल, मदालसा शर्मा हाल ही में बात की। इस दौरान उन्होंने शो छोड़ने के पीछे चल रहे तमाम रूमर्स को लेकर बात की। बातचीत के दौरान एक्ट्रेस से पूछ गया था कि उन्होंने इस शो को रूपाली गांगुली से ना बनने की वजह से छोड़ा है? तो इस पर एक्ट्रेस ने बेझिझक जवाब दिया कि ऐसा कुछ नहीं था। उन्होंने ईमानदारी से जवाब दिया कि लंबे समय से एक जगह जब काम किया जाता है तो कभी ना कभी, कहीं ना कहीं, किसी के साथ कुछ ना कुछ तो ऊपर नीचे होता है। इसलिए इन सबसे उन्हें कोई परेशानी नहीं रही।

इसके बाद मदालसा शर्मा से रूपाली गांगुली के साथ अपने बॉन्ड को लेकर कहा कि वो उन्हें अपनी अपनी अच्छी दोस्त और कुलीग मानती हैं। उन्होंने उन्हें 4 साल देखा और उनके साथ काम किया है। इसलिए वो उनकी दोस्त हैं।

# प्रतीक बब्बर के करियर में मदद कर रहे सलमान खान

**सलमान** खान इस वक्त अपनी नई फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं, जिसकी अभी शूटिंग चल रही है। फिल्म में बाहुबली के कटप्पा यानी सत्यराज और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगे। एक्टर प्रतीक बब्बर भी सिकंदर का हिस्सा हैं। इस फिल्म में वह एक दमदार नेगेटिव रोल में नजर आएंगे, जिसे लेकर प्रतीक एक्साइटेड हैं। प्रतीक बब्बर ने हाल ही सलमान संग सिकंदर का शूटिंग एक्सपीरियंस शेयर किया और खुलासा किया कि एक्टर उनके करियर में सपोर्ट कर रहे हैं। इंटरव्यू में बताया कि वह सलमान के साथ काम करने में घबरा रहे थे, पर वह खुद को धन्य मानते हैं कि एक्टर संग काम का मौका मिला। प्रतीक ने कहा कि सलमान उनके करियर को सपोर्ट कर रहे हैं।

**प्रतीक बब्बर बोले- सलमान करियर में हेल्प कर रहे, नेगेटिव रोल दिया:** प्रतीक बब्बर से जब सिकंदर में उनके रोल के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मुझे अभी यह बताना नहीं चाहिए, पर मैं सिकंदर में नेगेटिव रोल प्ले कर रहा हूं। फिल्म में जो भी नेगेटिव लीड किरदार हैं, उनमें से एक मेरा है। हाल ही हमने एक बेहद इंटेंस प्लेन सीक्वेंस शूट किया था। मैं बहुत ही नर्वस था और डरा हुआ था। मैं एकटक उन्हें देख रहा था।

**सलमान संग शूट किया था एक्शन सीन:** कुछ महीने पहले ही प्रतीक बब्बर और सलमान खान ने एक दमदार एक्शन सीक्वेंस शूट किया था। इसे एक प्लेन पर फिल्माया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान और प्रतीक के बीच यह एक्शन सीक्वेंस बांद्रा के ताज लैंड्स एंड में शूट किया गया। एक प्लेन भी इस एक्शन सीन का हिस्सा था। इस सीन के लिए स्पेशल सेट तैयार किया गया था।





## राज कपूर की बेटी से सगाई फिर भी

# मुझसे शादी करना चाहते थे कुमार गौरव: विजयता पंडित



**एक्ट्रेस** विजयता पंडित याद हैं? कुमार गौरव के साथ फिल्म लव स्टोरी से एक्टिंग डेब्यू करने वालीं स्टार रातोंरात स्टार बन गई थीं। कुमार गौरव भी छा गए थे। दोनों की जोड़ी की हर तरफ चर्चा होने लगी थी। यह तक कहा जाने लगा था कि विजयता पंडित का कुमार गौरव के साथ अफेयर है, और इसी वजह से एक्टर की राज कपूर की बेटी रीमा के साथ सगाई टूटी थी। लेकिन अब विजयता पंडित ने उन अफवाहों पर रिएक्ट किया है। विजयता की म्यूजिक कंपोजर आदेश श्रीवास्तव से शादी हुई थी। उनका कहना है कि कुमार गौरव और रीमा की सगाई टूटने में उनका कोई हाथ नहीं था।

विजयता ने यह भी कहा कि कुमार गौरव पहले लड़के थे, जिन्हें उन्होंने गले लगाया था। उन्होंने लहरें रेट्रो को दिए इंटरव्यू में इस बारे में बात की। यह भी खुलासा किया कि कुमार गौरव, रीमा से सगाई करने के बाद भी उनसे शादी करने को तैयार थे।

**पहली बार किसी लड़के ने छुआ, हम दोनों को प्यार हो गया:** विजयता पंडित ने कहा, बंटी (कुमार गौरव) पहले लड़के थे, जिन्हें मैंने लव स्टोरी की शूटिंग के दौरान गले लगाया था। आप कोई भी लव स्टोरी देख लीजिए।

चाहे ऋषि कपूर-डिंपल कपाड़िया की बॉबी, सनी देओल-अमृता सिंह की बेताब या फिर संजय दत्त और टीना मुनीम की रॉकी...इन सभी एक्टर्स को रियल लाइफ में भी प्यार हो गया था। इस तरह की फिल्मों में काम करते हुए आपको रोमांस फील करना पड़ता है। वो पहली बार था, जब एक लड़का मुझे छू रहा था, तो हम दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया।

**कुमार गौरव करते थे विजयता पंडित का पीछा, राजेंद्र कुमार थे नाराज:** विजयता पंडित ने आगे बताया, बंटी मुझसे बहुत प्यार करता था। वह हर जगह मेरा पीछा करता रहता था। मेरा हाथ पकड़ता था और नाचता था।

वह बहुत आकर्षक थे, लेकिन उनके पिता और फिल्म के प्रोड्यूसर राजेंद्र कुमार हमारे रिश्ते से काफी नाराज थे। वह शराब पीते और बंटी से बोलते कि तुम मेरे राजकुमार हो और तुम्हें राजकुमारी से ही शादी करनी चाहिए।

**राजेंद्र कुमार बोलते- अच्छे खानदान की लड़की ढूंढूंगा:** विजयता पंडित के मुताबिक, राजेंद्र कुमार ने बेटे कुमार गौरव से कहा था कि वह उनके लिए किसी अच्छे और रसूख वाले खानदान की लड़की ढूंढेंगे। वह बोलीं, जब मैं ये सारी बातें सुनती तो डर जाती थी।



# पामेला एंडरसन 'गोल्डन आई पुरस्कार' से होंगी सम्मानित

## द लास्ट शोगर्ल के लिए मिलेगा अवॉर्ड

**कनाडाई** अभिनेत्री पामेला एंडरसन को उनकी बहुमुखी प्रतिभा के लिए '20वें ज्यूरिख फिल्म फेस्टिवल' (जेडएफएफ) में 'गोल्डन आई पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, पुरस्कार समारोह 4 अक्टूबर को होगा। इस दौरान एंडरसन की फिल्म द लास्ट शोगर्ल प्रस्तुत की जाएगी। द लास्ट शोगर्ल में एंडरसन टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी प्रीमियर हो चुकी है।

फिल्म का निर्देशन जिया कोपोला ने किया है। द लास्ट शोगर्ल में एंडरसन ने 50 वर्षीय शोगर्ल शेली की भूमिका निभाई है। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, 'जेडएफएफ' के कलात्मक निदेशक क्रिश्चियन जुंगेन ने पामेला के लिए कहा, 'उन्होंने खुद को पूरी तरह से अपने किरदार में उतार दिया। अपने चेहरे के हाव-भाव से शेली के किरदार को इस तरह से पर्दे पर उकेरा कि लोगों को उससे सहानुभूति हो जाए।

उन्होंने आगे अभिनेत्री के प्रदर्शन के लिए कहा, 'एक शानदार प्रदर्शन, शायद उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, जो ऑस्कर नामांकन का हकदार है।' द लास्ट शोगर्ल में कई कलाकार हैं, जिसमें शेली की सहकर्मी एनेट के रूप में जेमी ली कर्टिस शामिल हैं, जो उसे अनिश्चित भविष्य में आगे बढ़ने में मदद करती है। फिल्म में बिली लौर्ड भी शेली की अलग हो चुकी बेटी हन्ना के रूप में हैं, साथ ही कीरन शिपका और ब्रेंडा सॉन्ग भी युवा शोगर्ल सहकर्मियों के रूप में मौजूद हैं। वहीं, डेव बॉतिस्ता एडी की भूमिका में हैं, जो शो के स्टेज मैनेजर हैं और शेली से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हुए हैं। गोल्डन आई पुरस्कार समारोह के बाद, एंडरसन और निर्देशक जिया कोपोला की द लास्ट शोगर्ल फेस्टिवल के दर्शकों के पेश होगी। इस साल के 'ज्यूरिख फिल्म फेस्टिवल' में एलिसिया विकेंडर, जूड लॉ और केट विंसलेट सहित इंडस्ट्री की अन्य बड़ी हस्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा। '20वां ज्यूरिख फिल्म फेस्टिवल' 3 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक चलेगा।



# हास्य की गहरी समझ रखती हैं अर्चना पूरन सिंह : सुनील ग्रोवर

द कपिल शर्मा शो के सीजन-2 की शुरुआत से पहले मशहूर हास्य अभिनेता सुनील ग्रोवर ने जज अर्चना पूरन सिंह की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि अर्चना पूरन सिंह को हास्य की गहरी समझ है। उनके सेट पर होने से काम को बेहतर करने में मदद मिलती है।

सुनील ने बात करते हुए बताया कि हास्य के बारे में उनकी समझ एक शैली तक सीमित नहीं है, वह सभी प्रकार के हास्य को समझती हैं और उसका आनंद लेती हैं। उन्होंने आगे कहा, वह एक शानदार अभिनेत्री हैं और उन्होंने सभी तरह की भूमिकाएं निभाई हैं। हास्य में उनकी समझ अलग लेवल की है। शो में कलाकारों के रूप में हमारे लिए, उनकी यह गुणवत्ता एक विशेषाधिकार बन जाती है क्योंकि हम जानते हैं कि हम किसी भी शैली का मजाक बना सकते हैं और वह फिर भी इसे समझ लेंगी। इसके अलावा किकू शारदा ने बताया कि उनके पास बहुत अनुभव है, इसलिए अगर कोई तकनीकी गड़बड़ी होती है तो वे तुरंत समझ जाती हैं कि हम किस स्थिति से गुजर रहे हैं।

इससे हमारा मनोबल भी बढ़ता है क्योंकि हमारे पास अर्चना के रूप में एक सुरक्षा कवच है। कपिल शर्मा शो के दूसरे सीजन का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया है। इस सीजन में सिनेमा और क्रिकेट जगत की हस्तियों को दिखाने का वादा किया गया है। इनमें सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, एनटीआर जूनियर, करण जौहर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर जैसे मेहमान शामिल होंगे।

शो में कृष्णा अभिषेक भी हैं। पहले सीजन की शुरुआत में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी शो में नजर आए थे। इस बार दूसरे सीजन में आलिया भट्ट इस शो की शुरुआत करेंगी। शो के पहले एपिसोड में अपकमिंग फिल्म 'जिगरा' की टीम आलिया भट्ट, वेदांग रैना और करण जौहर नजर आएंगे। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 2 नेटफ्लिक्स पर 21 सितंबर से स्ट्रीम होगा।

साभार-एजेंसी

# हंसल मेहता बोले- वे लोग टिप्पणीकार बन जाते हैं, जिनका फिल्म निवेश से लेना-देना नहीं

**द बकिंघम** मर्डर्स को सिनेमाघरों में आने के बाद आलोचकों की सराहना तो मिली, लेकिन इसका टिकट खिड़की पर प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है और अब तो इसे एक-एक करोड़ रुपये कमाने के लिए भी बहुत मशक्कत करनी पड़ रही है। फिल्म के निर्देशक हंसल मेहता ने एक हालिया साक्षात्कार में इसकी कम कमाई को लेकर बात की है। हंसल मेहता ने कहा कि फिल्मों को केवल एक संख्या तक सीमित कर दिया जाता है। उन्हें लगता है कि इससे काम को काफी कम करके आंका जाता है।



हंसल ने कहा कि उनका मानना है कि फिल्म आने वाली पीढ़ियों के लिए होती है, इसलिए वक्त पर सोच-विचार किया जा सकता है, लेकिन अब हम फिल्म को समय ही नहीं देते। हंसल नेआगे कहा कि वे लोग जिनका फिल्म और उसमें हुए निवेश से कोई नाता नहीं है, वे भी टिप्पणीकार बनकर ऐसा बर्ताव करते हैं, जैसे वे हितधारक हो और वो भी बगैर ये जानें कि फिल्मों का बिजनेस मॉडल काम कैसे करता है। हंसल मेहता ने कहा कि मैं अब फिल्म रिलीज होने से पहले ही उसे छोड़ देता हूं, ताकि आगे बढ़ा जा सके, नहीं तो आप इसमें फंस सकते हैं। उन्होंने बताया कि अगर वो ऐसा कहेंगे कि वो घबराते नहीं हैं, तो ये झूठ होगा।

उन्होंने कहा कि ये दुर्भाग्य है कि फिल्मों को एक बहुत छोटा खेल बना दिया गया है, एक वीकेंड गेम। द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर को रिलीज हुई थी। इसमें करीना कपूर, रणवीर बरार, कीथ एलन, प्रभलीन संधू और एश टंडन समेत कई कलाकारों ने काम किया है।



# अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने शेयर किया बूमरैंग वीडियो

**बॉलीवुड** अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने इंस्टाग्राम पर मोनोक्रोम में एक बूमरैंग वीडियो शेयर किया और अपनी भावनाएं शेयर की। क्लिप में अभिनेत्री गाउन पहने बैठी हुई हैं और कैमरे की ओर देखकर मुस्कुरा रही हैं।

हालांकि, अभिनेत्री ने यह नहीं बताया कि वह किस बात के लिए नर्वस और उत्साहित हैं। उन्होंने बूमरैंग क्लिप के बैकग्राउंड स्कोर के तौर पर पॉप क्वीन मैडोना के गाने ट्रू ब्लू का इस्तेमाल किया। हाल ही में घोषणा की गई थी कि चित्रांगदा, अक्षय कुमार अभिनीत हाउसफुल 5 के कलाकारों में शामिल हो गई हैं। चित्रांगदा एक बार फिर अक्षय के साथ देसी बॉयज और खेल खेल में के बाद स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। उन्होंने स्टार की प्रशंसा की और उन्हें कॉमेडी का सच्चा मास्टर कहा। हाउसफुल 5 की शूटिंग के लिए लंदन जा रहीं अभिनेत्री ने को बताया, अक्षय अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली हैं और कॉमेडी के सच्चे मास्टर हैं।

संक्षिप्त समाचार

## ऋतिका सिंह ने कहा, "मनासा शर्मा मेरे किरदार मीनाक्षी का जीता-जागता उदाहरण है

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव की नई सीरीज बेंच लाइफ में एक कर्मचारी की कॉर्पोरेट जिंदगी को एक नए अंदाज में दिखाया गया है। इसमें आईटी की दुनिया का वह सच सामने आता है, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। जब किसी कर्मचारी के पास काम नहीं होता, तो उसे 'बेंच्ड' कहा जाता है। इस शो में एक मजेदार दोस्तों का ग्रुप है, जो कॉर्पोरेट कल्चर के उतार-चढ़ावों का सामना करते हुए बेंच्ड होने का भी अपना ही मजा लेते हैं।बालू, मीनाक्षी, ईशा और रवि के किरदार इस शो में अपनी-अपनी खासियतें लेकर आते हैं। वे कभी महत्वाकांक्षी होते हैं, तो कभी आराम की तलाश में। इस अनोखी कहानी में ये चारों दोस्त मिलकर जिंदगी के अलग-अलग पहलुओं का सामना करते हैं, जिससे दर्शकों को एक अलग ही नजरिया देखने को मिलता है।इस शो में मीनाक्षी का किरदार भी बहुत खास है, जो डायरेक्टर बनना चाहती है, लेकिन कॉर्पोरेट दुनिया की उलझनों में फंसी हुई है। इस किरदार को एक्ट्रेस ऋतिका सिंह ने निभाया है। हाल ही में उन्होंने अपने किरदार के पीछे की असल प्रेरणा के बारे में बात की और बताया, बेंच लाइफ में मेरा किरदार हमारी निर्देशक मनासा शर्मा की असल जिंदगी पर आधारित है। उनके सफर को देखना मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक था। उन्होंने सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम किया और अब अपनी खुद की सीरीज का निर्देशन कर रही हैं। यह देखना वाकई खुशी की बात है कि महिलाएं अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपने जुनून को बनाए रखती हैं, अपने दिल की बात सुनती हैं, और पूरी मेहनत से उस पर काम करती हैं। समाज की उम्मीदों और नियमों के बीच अपने पसंदीदा काम को करने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए। बेंच लाइफ में ऐसे किरदार को निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूँ। सोनी लिव की सीरीज बेंच लाइफ का निर्देशन मनासा शर्मा ने किया है और इसका निर्माण पिंक एलीफैंट पिक्चर्स के तहत निहारिका कोनिडेला ने किया है।

## पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों को चाकू मारा, तीन आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के चेन्नम्मा सर्कल में मंगलवार आधी रात को तीन युवकों को चाकू मारने की घटना हुई. पुलिस ने बताया कि घटना में दर्शन पाटिल, सतीश पुजारी और प्रवीण गुंडियागोला घायल हो गए. युवक के पेट में चाकू घोंपकर पांच आरोपी फरार हो गए. पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, घायलों को इलाज के लिए बेलगावी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज किया जा रहा है. पुलिस ने जिला अस्पताल जाकर घटना की जानकारी ली. मामले पर टिप्पणी करते हुए सिटी पुलिस कमिश्नर इडा मार्टिन मार्बनियांग ने मीडिया से कहा, यह घटना चेनम्मा सर्किल में हुई. गणेश विसर्जन जुलूस में चाकूबाजी नहीं हुई, यह सिर्फ एक झगड़ा था. पुलिस ने झगड़ा रुकवाया और युवकों को वापस भेज दिया.उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि दोनों समूहों के बीच पुरानी दुश्मनी थी. जुलूस के दौरान नाचते समय सभी एक-दूसरे को छू रहे थे.

## देश में मंकीपॉक्स के दूसरे मामले की पुष्टि, यूएई से केरल लौटा शख्स पाया गया पॉजिटिव

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** देश में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला सामने आया है। केरल सरकार ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से हाल ही में लौटे 38 वर्षीय शख्स इस संक्रमण से संक्रमित पाए गए हैं। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि मलप्पुरम के 38 वर्षीय व्यक्ति का संयुक्त अरब अमीरात से लौटने के बाद परीक्षण कराया गया था, जो पॉजिटिव आया है। फेसबुक पर एक पोस्ट में जॉर्ज ने लोगों से उपचार लेने और बीमारी से संबंधित कोई भी ज्ञात लक्षण दिखाई देने पर स्वास्थ्य विभाग को सूचित करने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य मंत्री जॉर्ज ने कहा कि एमपॉक्स के मरीज को अलग कर दिया गया है और मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुसार उसका इलाज किया जा रहा है। बता दें कि 9 दिन पहले देश में पहले मंकीपॉक्स केस की पुष्टि हुई थी। पीड़ित शख्स ने दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की थी।

# नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक जंगलराज का प्रमाण: मल्लिकार्जुन खड़गे



**नवादा, एजेंसी।** बिहार के नवादा में महादलित टोला में दबंगों द्वारा फायरिंग के बाद 80 घरों में आग लगाने कि घटना को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जंगलराज का नाम दिया है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस घटना को लेकर नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि, बिहार के नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक एनडीए की डबल इंजन सरकार के जंगलराज का एक और प्रमाण है। बेहद निंदनीय है कि करीब 100 दलित घरों में आग लगाई गई, गोलीबारी की गई और रात के अंधेरे में गरीब परिवारों का सब कुछ छीन लिया गया। भाजपा और उसके सहयोगी दलों की दलितों-वंचितों के प्रति घोर उदासीनता, आपराधिक उपेक्षा व असामाजिक तत्वों को बढ़ावा अब चरम पर है। प्रधानमंत्री मोदी हमेशा की तरह मौन हैं, नीतीश जी सत्ता के लोभ में बेफिक्र हैं और एनडीए की सहयोगी पार्टियों के मुंह में दही जम गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, नवादा, बिहार में महादलितों के 80 से ज्यादा घरों को जला देने की घटना बेहद खौफनाक और निंदनीय है। दर्जनों राउंड फायरिंग करते हुए इतने बड़े पैमाने पर आतंक मचाकर लोगों को बेघर कर देना यह दिखाता है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आम ग्रामीण-गरीब असुरक्षा और खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं। हमारी राज्य सरकार से मांग है कि ऐसा अन्याय करने वाले दबंगों पर सख्त कार्रवाई हो और सभी पीड़ितों का समुचित पुनर्वास किया जाए।

दरअसल यह घटना नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देदौर कृष्णा नगर टोले की है। इस महादलित टोला में लगभग 100 घरों से अधिक महादलित परिवार रहते है। ग्रामीणों के मुताबिक अचानक हुई घटना की वजह से लोग कुछ समझ नहीं पाए। दनादन गोलियों की आवाज सुनकर बस्ती में अफरातफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे।

ग्रामीणों का कहना है कि, यह घटना बुधवार रात करीब साढ़े सात बजे की है, जब महादलित बस्ती में कई घरों में महिलाएं खाना बना रही थी। इस घटना में घर के जरूरी सामान जलकर खाक हो गए, वहीं इस आगजनी में कई मवेशियों के जलकर मरने की भी सूचना है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पंहुची फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं जिला प्रशासन की तरफ से टोला में पीड़ित परिवारों को खाने की सामग्री वितरित की गई।

घटनास्थल पर पहुंचे जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने कहा कि, घटना के बाद 10 लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस घटना की जांच पड़ताल जारी है। जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।

## सलमान खान के घर गोलीबारी के आरोपी का दावा -जेल के डॉक्टर ने मांगे 10 हजार रुपये

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी की घटना के एक आरोपी ने बुधवार को आरोप लगाया कि जेल के एक डॉक्टर ने उसकी टूटी हुई उंगली के इलाज के लिए पैसे मांगे। अप्रैल में गोलीबारी की घटना में कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किए गए हरपाल सिंह ने न्यायाधीश बीडी शेल्के के समक्ष यह आरोप लगाया, जब उसे वीडियो लिंक के जरिये मुंबई में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की विशेष अदालत में पेश किया गया।

अदालत ने तलोजा जेल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। सिंह इसी जेल में बंद है। अदालत ने जेल अधिकारियों से आरोपी को आवश्यक उपचार प्रदान करने के लिए भी कहा।

बांद्रा में 14 अप्रैल की सुबह सलमान के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने पांच राउंड गोलीबारी की थी। पुलिस ने दावा किया था कि हमले के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ है। अब तक इस मामले में छह लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

सिंह ने बुधवार को अदालत को बताया कि पिछले आठ महीने से उनके दाहिने हाथ की एक उंगली चोटिल है। उसने आरोप लगाया कि सीएमओ ने उसे अस्पताल भेजने के लिए 10,000 रुपये की मांग की। अदालत ने मामले में सात अक्टूबर तक रिपोर्ट मांगी है।

## गुरुग्राम में बच्चा चोर गिरोह का भंडाफोड़, भीख मंगवाने के लिए उठाया था 5 साल का मासूम

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस ने बच्चा चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह की दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के चंगुल से 5 साल के एक बच्चे को भी बचाया गया है। बच्चे का मंगलवार को अपहरण किया गया था। गुरुग्राम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। आरोपियों ने बताया है कि उन्होंने बच्चे को सड़कों पर भीख मांगवाने के लिए अगवा किया था।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार शाम को बेहरामपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि जब उसका पांच वर्षीय बेटा खेल रहा था उसी दौरान एक अज्ञात महिला आई और उसे उठाकर ले गई। इसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। बच्चे की तलाश के लिए आनन-फानन में पुलिस की दो स्पेशल टीमें गठित की गईं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार देर रात को बताया कि सेक्टर 52 इलाके से दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान वर्षा (27), आशा उर्फ ??सपना (23) और उसके पति मुकुल (27) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हैरान करने वाले खुलासे किए। आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि दोनों महिलाएं मंगलवार को बच्चे का अपहरण करने के लिए बेहरामपुर गांव आई थीं। जब बच्चा सड़क पर खेल रहा था उस दौरान वर्षा ने उसका अपहरण किया। वह बच्चे को घाटा गांव ले आई, जहां मुकुल और सपना बच्चे को अपने किराए के कमरे में ले आए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने बच्चे को बिहार ले जाने की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे बचा लिया। अधिकारी ने यह भी बताया कि आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने बच्चे को सड़कों पर भीख मांगवाने के लिए अगवा किया था।

## नोएडा में नौवीं क्लास का छात्र चला रहा था वाहन चोरी का गैंग

### एनसीआर में अलग-अलग जगह मिलीं गायब गाड़ियां

**नोएडा एजेंसी।** राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में बाइक चलाने और अन्य शौक पूरा करने के लिए वाहन चोरी करने वाले 9वीं कक्षा के नाबालिग छात्र समेत दो लोगों को थाना फेज-वन पुलिस ने दबोचा है। आरोपियों के पास से अलग-अलग स्थान से चोरी की गई पांच बाइक बरामद हुई हैं। गैंग के फरार चल रहे साथियों को पुलिस खोज रही है। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार रात थाना फेज-वन पुलिस को सूचना मिली थी। बताया गया कि टकसाल के पास दो लोग खड़े हैं। दोनों लोग दोपहिया वाहन चोरी करते हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस ने निखिल शर्मा और एक बाल अपचारी को हिरासत में ले लिया। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने एनसीआर के विभिन्न जगहों से चोरी की गई पांच बाइक बरामद हुई हैं। पूछताछ करने पर पता चला कि निगरानी में लिया गया बाल अपचारी 9वीं कक्षा में फेल हो चुका है। पुलिस ने आगे बताया कि नाबालिग पिछले दो माह से सेक्टर-15 में कम्प्यूटर कोचिंग कर रहा है।

आरोपी की मित्रता आरोपी निखिल शर्मा उर्फ सॉफ्टवेयर से हुई जो डिलीवरी ब्वाय का काम करता है तथा 9वीं तक पढ़ा है। दोनों बाइक चलाने व अन्य शौक पूरा करने के लिए बाइक चोरी करते थे। साथ ही बदल बदलकर कभी पार्किंग में तो कभी मैट्रो स्टेशन के आस पास अन्य बाइक के साथ खड़ी कर दिया करते थे। मौका पाकर बाइक को बेच देते थे। आरोपी बेची गई बाइक से मिली धनराशि से अपना खर्चा चलाते थे और अपने शौक पूरे करते थे। पूछताछ में यह भी पुलिस को पता चला है कि आरोपी घटनाओं का मास्टरमाइंड बाल अपचारी है। उसके शैक्षिक व अन्य दस्तावेजों से जन्मतिथि भिन्न भिन्न हैं। इसके संबंध में जांच की जा रही है।

# गुरुग्राम में 555 जर्जर इमारतें, दिल्ली जैसे हादसे का बढ़ा खतरा



**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम में भी दिल्ली के करोलबाग जैसा हादसा कभी हो सकता है। यहां नगर निगम ने 555 जर्जर इमारतों को तीन साल पहले चिह्नित किया था। इसके बाद से इन पर निगम की तरफ से न तो सील करने की कार्रवाई की गई और न ही इनमें रह रहे लोगों से खाली करवाई गई है।

इन जर्जर इमारतों में रहने वाले लोग अब भी अपनी जान को जोखिम में डाल कर रह रहे हैं। वहीं, इनसे हादसे का भी खतरा है। बता दें कि दिल्ली के करोलबाग में बुधवार की सुबह एक मकान भरभरा कर गिर गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए। वहीं, गुरुग्राम में जर्जर इमारतों को चिह्नित किए नगर निगम को तीन साल से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कोई कदम उठाया नहीं गया। निगम अधिकारियों ने इन इमारतों के मालिकों को सिर्फ नोटिस देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। मानसून के मौसम के दौरान लगातार बारिश होने और गलियों में जलभराव होने से पानी जर्जर इमारतों की नींव में चला जाता है। जिस कारण यह जर्जर इमारतें भरभरा कर गिर जाने का हर समय खतरा रहता है। दिल्ली से पहले ऐसा ही एक हादसा यूपी के मेरठ शहर में भी हुआ था, जिसमें एक ही परिवार चार से ज्यादा लोगों की दबने से मौत हो गई थी। अब दिल्ली के करोल बाग में भी यह हादसा हो गया है। ऐसे में गुरुग्राम में भी ऐसा हादसा नहीं हो इसके लिए निगम की तरफ से जर्जर इमारतों का सर्वे तो करवा लिया है, लेकिन इनके खिलाफ आज कोई कार्रवाई नहीं की गई है। डिविजन अनुसार कार्यकारी अभियंताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में जर्जर इमारतों की रिपोर्ट तैयार करनी होती है। इसके बाद निगम की तरफ से इन भवन मालिकों को नोटिस दिया जाता है, अगर जवाब संतोषजनक नहीं मिलता है तो उसे खाली करने के लिए बोला जाता है या फिर मकान को तोड़ने के निर्देश दिए जाते हैं। अगर मकान मालिक यह कहता है कि उन्हें मकान से कोई खतरा नहीं है तो उसे खुद अपने भवन को ऑडिट करवाना होता है। ऑडिट रिपोर्ट निगम में जमा करवानी होती है। अभी तक न तो किसी भवन मालिक ने ऑडिट करवाकर निगम को रिपोर्ट दी है और न ही निगम ने किसी पुरानी इमारत को तोड़ा है। निगम की तरफ से करवाए गए सर्वे में भीमनगर, जैकबपुर, सुभाष नगर, नया बाजार, गोपाल नगर, नई बस्ती, चक्करपुर, सिंकदरपुर, राजेंद्रा पार्क, लक्ष्मण विहार, कृष्णा कॉलोनी, भीम नगर, शिवाजी नगर, मियां वाली कॉलोनी, पटेल नगर, दयानंद कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, गांव झाड़सा समेत दर्जनों स्थानों पर अवैध और असुरक्षित भवन बने हुए हैं। शहर के सबसे पुराने और सबसे बड़े सदर बाजार में मस्जिद के पास एक दुकान काफी पुरानी है। भवन जर्जर होने के बाद भी यहां होटल चलाया जा रहा है। दुकान मुख्य गली में होने के कारण यहां प्रतिदिन हजारों लोगों का अवागमन होता है। वहीं, इस दुकान से आगे एक बहुत बड़ी जर्जर इमारत बनी हुई है।

## फरीदाबाद में पुलिसकर्मी की फाड़ दी वर्दी, सिर पकड़कर शीशे पर मारा; कार रोकने पर भारी बवाल

**फरीदाबाद एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रैली के दौरान मंगलवार बीपीटीपी चौराहे पर यातायात को सुचारू कर रहे एक पुलिसकर्मी के साथ कार सवार युवकों ने मारपीट कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उनकी वर्दी भी फाड़ दी और उनका सिर पकड़कर कार के शीशे पर मारा।

शिकायत पर बीपीटीपी थाना की पुलिस मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित ईएएसआई दिलबाग ने अपनी शिकायत में बताया है कि मंगलवार शाम वह बाइपास रोड स्थित बीपीटीपी चौराहे पर तैनात थे। होमगार्ड अजय के साथ वह यातायात को सुचारू करने में जुटे थे। क्योंकि चौराहे पर जाम की स्थिति बनी थी। ऐसे में वाहनों को बड़ी मशक्कत से चौराहा पार कराया जा रहा था।

पीड़ित ने बताया कि इस दौरान एक चालक लापरवाही से कार लेकर आगे आने लगा। उसे रुकने के लिए कहा गया तो कार चालक उन्हें टक्कर मार दी और कार को उनपर चढ़ाने का प्रयास किया। इसके बाद कार से चार युवक उतरे और उनपर लात-घूसे चलाए। आरोप है कि इस दौरान युवकों ने उनका सिर फोड़ दिया।

पीड़ित ने बताया कि मारपीट करने के दौरान आरोपी जोर-जोर से चिल्ला रहे थे और कह रहे थे कि वह यहां के बदमाश हैं। साथ ही वकील भी हैं। अदालत में खुद निपट लेंगे। आरोपियों ने पीड़ित से कहा कि वह यहां के स्थानीय दबंग हैं, उन्हें नौकरी नहीं करने देंगे। साथ ही बीच चौराहे गोली मार देंगे। बीपीटीपी थाना की पुलिस मामला दर्जकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उनके कार को जब्त कर बाकी दो आरोपियों की तलाश में जुटी है। पीड़ित ने बताया कि होमगार्ड दूसरी ओर ड्यूटी दे रहा था। वह मारपीट देखकर शोर मचाने लगा और दौड़ा। उनकी शोर सुनकर अन्य चालक भी अपने वाहन से उतरे और उन्हें आरोपियों के चंगुल से बचाया। फिर डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार आरेपियों में से दो को मौके पर ही पकड़ लिया। बाकी दो आरोपी मौके पर कार छोड़कर फरार होने में सफल रहे।

## मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का आरोप- तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में जानवरों की चर्बी का हुआ इस्तेमाल

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने पिछली वाईएसआर कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उनके राज में तिरुपति में प्रसाद में मिलने वाले लड्डुओं में जानवरों की चर्बी इस्तेमाल होती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार शुद्ध घी की जगह जानवरों की चर्बी इस्तेमाल करती थी। वाईएस जगन मोहन रेड्डी की अगुवाई वाली पार्टी ने इस आरोप को खारिज करते हुए दुर्भावनापूर्ण बताया है।

बुधवार को एनडीए विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि जगन रेड्डी सरकार के तहत तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर मंदिर द्वारा प्रसाद के रूप में दिए जाने वाले लड्डू बनाने के लिए शुद्ध घी की जगह जानवरों की चर्बी का उपयोग किया गया था। मंदिर का प्रबंधन तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा किया जाता है। नायडू की तेलुगु देशम पार्टी जून में पवन कल्याण की जन सेना और भाजपा के साथ गठबंधन करके आंध्र प्रदेश में सत्ता में आई है। नायडू ने तेलुगु में कहा, पिछले 5 वर्षों में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने तिरुमला की पवित्रता को कलंकित किया है। उन्होंने अन्नदानम (मुफ्त भोजन) की गुणवत्ता से समझौता किया और घी के बजाय पशु चर्बी का उपयोग करके पवित्र तिरुमला लड्डू को भी दूषित कर दिया। इस खुलासे ने चिंता पैदा कर दी है। हालांकि, अब हम शुद्ध घी का उपयोग कर रहे हैं। हम टीटीडी की पवित्रता की रक्षा करने का प्रयास कर रहे हैं।

उधर, इस पूरे मामले में वाईएसआर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी ने नायडू पर तिरुपति मंदिर की पवित्रता को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। रेड्डी ने एक्स पर लिखा, चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमला की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। तिरुमला प्रसाद के बारे में उनकी टिप्पणी अत्यंत दुर्भावनापूर्ण है। कोई भी व्यक्ति ऐसे शब्द नहीं बोलेगा या ऐसे आरोप नहीं लगाएगा।

# 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु भाजपा जिला समितियों की संख्या बढ़ाएगी



**चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा की तमिलनाडु इकाई 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत संगठन के जमीनी ढांचे में सुधार के लिए बड़े संगठनात्मक सुधार की योजना बना रही है।

भाजपा के सूत्रों के अनुसार, पार्टी जिला समितियों की संख्या को मौजूदा 66 से बढ़ाकर 78 करने की योजना बना रही है। राज्य नेतृत्व का मानना है कि जिला इकाइयों की संख्या बढ़ाने से पार्टी के पास अधिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी होंगे, जिससे राज्य में इसकी उपस्थिति बढ़ेगी। भाजपा ने पहले ही बूथ स्तर पर 200 नए सदस्यों को शामिल करने की योजना बनाई है, जिससे पूरे राज्य में भाजपा का विस्तार होगा और तमिलनाडु की राजनीति में भाजपा एक शक्तिशाली इकाई बन जाएगी।

2 सितंबर से शुरू हुआ भाजपा का सदस्यता अभियान तमिलनाडु में पिछड़ रहा है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने आईएएनएस को बताया कि एआईएडीएमके से संबंध तोड़ने के बाद पार्टी की विचारधारा में बदलाव से स्थानीय और मध्य-स्तर के कार्यकर्ता भ्रमित हैं। सदस्यता अभियान में धीमी प्रगति का यही एक कारण है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में गठबंधन की राजनीति चल रही है और उचित सहयोगियों के बिना पार्टी प्रदेश की राजनीति में प्रभाव नहीं डाल पाएगी। पार्टी द्वारा एआईएडीएमके के साथ दशकों पुराना संबंध समाप्त करने के बाद पार्टी के कई जमीनी और मध्यम स्तर के कार्यकर्ता पार्टी गतिविधियों में धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं।

तमिलनाडु भाजपा ने खुद को द्रविड़ पार्टियों और राजनीति के विकल्प के रूप में पेश किया है। हालांकि, इस कदम से अपेक्षित नतीजे नहीं मिले हैं और पार्टी के कई पारंपरिक क्षेत्रों में नाराजगी भी पैदा हुई है। भाजपा की तमिलनाडु राज्य इकाई अब एक समन्वय समिति द्वारा संचालित की जा रही है, जिसके संयोजक वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक एच राजा हैं। यह इस कारण हुआ है कि वर्तमान अध्यक्ष के. अन्नामलाई उच्च शिक्षा के लिए यूनाइटेड किंगडम में तीन महीने की छुट्टी पर चले गए हैं।

तमिलनाडु भाजपा भी 2026 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कुछ प्रभावशाली लोगों को पार्टी में शामिल करने की योजना बना रही है। पार्टी के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि कुछ फिल्म स्टार, पूर्व क्रिकेटरों, उद्योगपतियों और अन्य खिलाड़ियों को भाजपा में शामिल होने के लिए पहले ही प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। भाजपा तमिलनाडु में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए जिला और स्थानीय स्तर पर समितियों की संख्या बढ़ा रही है, लेकिन उसके सामने द्रविड़ मॉडल को तोड़ने और राज्य की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाने की बड़ी चुनौती है।

## विश्व मुक्केबाजी विजेता निकहत जरीन तेलंगाना पुलिस में डीएसपी के पद पर नियुक्त

**हैदराबाद, एजेंसी।** एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्य सरकार ने जरीन को डीएसपी (विशेष पुलिस) के रूप में नियुक्त करने के आदेश जारी किए थे, जिसके बाद उन्होंने डीजीपी को अपना नियुक्ति पत्र सौंपा। प्रसिद्ध भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने तेलंगाना पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक जितेंद्र को अपना नियुक्ति पत्र सौंपा। बुधवार रात जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्य सरकार ने जरीन को डीएसपी (विशेष पुलिस) के रूप में नियुक्त करने के आदेश जारी किए थे, जिसके बाद उन्होंने डीजीपी को अपना नियुक्ति पत्र सौंपा। निजामाबाद जिले की रहने वाली जरीन दो बार विश्व बॉक्सिंग विजेता रह चुकी हैं।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेल: purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)